विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 122 | कोरबा, रविवार, दिनांक 01 फरवरी 2026 डाक 02 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा


**विविधा**

उत्तराखंड के चमोली जिले में ताज़ी बर्फबारी के बाद बर्फ से ढका बद्रीनाथ मंदिर।



**देश-विदेश**

साध्वी प्रेम बाइसा की मौत मामले में एसआईट गठित, लोगों से पूछताछ जारी



**फीचर पेज**

स्वीट कॉर्न खाना पसंद है? सुबह के नाश्ते में बनाएं ये 5 व्यंजन




# सरकार विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम उठाना जारी रखेगी : वित्त मंत्री




**नईदिल्ली 01 फरवरी [एजेंसी]।**

निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण की शुरुआत करते हुए कहा, माघ पूर्णिमा और गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर मैं यह बजट पेश कर रही हूं। बीते 12 साल के दौरान अनिश्चितताओं के बावजूद हमने स्थिर अर्थव्यवस्था को बनाए रखा है। हमने दूरगामी ढांचागत सुधार किए हैं। आत्मनिर्भरता को प्रमुख उद्देश्य बनाए रखा है। आयात पर निर्भरता को घटाया है। हमने सुनिश्चित किया है कि नागरिकों को इसका लाभ मिले, कृषि उत्पादकता बढ़े और परिवारों की क्रय शक्ति बढ़े। इन उपायों की वजहों से सात फीसदी की विकास दर हासिल हुई है। इससे गरीबी उन्मूलन और लोगों के जीवन में सुधार हासिल हो सका है।

वित्त मंत्री ने कहा- हम ऐसी बाहरी परिस्थिति का सामना कर रहे हैं जहां व्यापार और बहुपक्षवाद खतरे में है। नई प्रौद्योगिकी उत्पादन प्रणालियों को बदल रही है। भारत विकसित भारत की ओर विश्वास से भरे कदम उठाता रहेगा। भारत को वैश्विक बाजारों से एकीकृत होकर अधिक से अधिक निर्यात करना होगा। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में लोगों का साथ खड़े रहने के लिए आभार। हमारा लक्ष्य विकास का लाभ सभी वंचित वर्गों और महिलाओं तक सुनिश्चित करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा- सरकार विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम उठाना जारी रखेगा। भारत वैश्विक बाजार के साथ गहनता से जुड़ा रहेगा। मैं पार्ट-ए की शुरुआत करते हुए इस देश के नागरिकों का आभार प्रकट करना चाहूंगा, जिन्होंने इस देश को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाया है। हमने सुनिश्चित किया है कि किसानों, अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों, युवाओं, महिलाओं, गरीबों को लाभ मिलता रहे। यह युवा शक्ति से प्रेरित बजट है। हमारी सरकार का संकल्प गरीब, हाशिए पर पड़े लोगों पर ध्यान देना है। कर्तव्य भवन में यह बजट बना है। पहला कर्तव्य है- आर्थिक विकास को सतत तरीके से बढ़ाना। दूसरा कर्तव्य है- जनआकांक्षाओं को पूरा करना। तीसरा कर्तव्य है- सबका साथ, सबका विकास। यह सुनिश्चित करना कि सभी को संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक समान रूप से पहुंच मिले।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के लिए क्या घोषणाएं की गई। इसमें- शिक्षा से रोजगार और उद्यम पर फोकस किया जाएगा। विकसित भारत का कोर ड्राइवर सेवा क्षेत्र रहेगा। दक्षता आधारित रोजगार पर ध्यान दिया जाएगा। स्वास्थ्य पेशेवर बनाने वाले संस्थानों को अपग्रेड किया जाएगा। रेडियोलॉजी, एनेस्थीशिया जैसे क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा।

बायोलॉजिक दवाएं हैं जरूरी सीतारमण ने घोषणा की, बायोफार्मा शक्ति, जिसका मतलब है ज्ञान, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के जरिए हेल्थ एडवांसमेंट के लिए बायोफार्मा रणनीति। भारत में डिजिटल बीमारियों का बोझ अब डायबिटीज, कैंसर और ऑटोइम्यून डिसऑर्डर जैसी गैर-संक्रामक बीमारियों की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, बायोलॉजिक दवाएं किफायती कीमतों पर लंबी उम्र और बेहतर जीवन के लिए जरूरी हैं। भारत को ग्लोबल बायोफार्मा मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करने के लिए, मैंने अगले पांच सालों में 10,000 करोड़ रुपये के खर्च के साथ बायोफार्मा शक्ति का प्रस्ताव दिया है। इससे इकोसिस्टम बनेगा। बायोलॉजिक्स और बायोसिमिलर के घरेलू उत्पादन के लिए, इस रणनीति में तीन नए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, जिन्हें NIPERs के नाम से जाना जाता है, और सात मौजूदा संस्थानों को अपग्रेड करके एक बायोफार्मा-केंद्रित नेटवर्क शामिल होगा।

मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पांच क्षेत्रीय मेडिकल हब बनाए जाएंगे। इसमें निजी क्षेत्र की सहभागिता रहेगी। हेल्थकेयर कॉम्प्लेक्स बनेंगे। इनमें आयुष केंद्र होंगे। डायग्नोस्टिक, पोस्टर केयर और रीहैब के केंद्र रहेंगे। इससे स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। दुनियाभर में सम्मान हासिल कर चुकी प्राचीन योग पद्धति और आयुर्वेद पर जोर दिया जाएगा। तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान बनाए जाएंगे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण के दौरान एलान किया कि देश में सात हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे। इसमें मुंबई पुणे, पुणे हैदराबाद, हैदराबाद बंगलूरू, हैदराबाद चेन्नई, चेन्नई बंगलूरू, दिल्ली वाराणसी और वाराणसी सिलीगुड़ी हाई स्पीड रेल कॉरिडोर शामिल है। अपने बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री ने बताया कि पांच वर्ष में 20 नए जल मार्ग शुरू होंगे। वाराणसी और पटना में जहाज मरम्मत सुविधा स्थापित होगी। समुद्री विमान वीजीएफ योजना की शुरुआत होगी।

रेशम ऊन और जूट से जुड़े फाइबरों में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्रीय फाइबर योजना लाई जाएगी। पारंपरिक क्लस्टरों के आधुनिकीकर के लिए वस्त्र विस्तार एवं रोजगार योजना आएगी। बुनकरों और कारीगरों की मदद के लिए राष्ट्रीय हथकरघा और हस्तशिल्प कार्यक्रम लाए जाएंगे।

## हर जिले में गर्ल हॉस्टल की सौगात

विकसित भारत के लिए बैंकिंग पर उच्च स्तरीय समिति के गठन का प्रस्ताव विद्युत वित्त निगम और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम के पुनर्गठन का प्रस्ताव विदेशी मुद्रा प्रबंधन नियमावली की होगी व्यापक समीक्षा कॉरपोरेट बॉन्ड्स पर पूर्ण रिटर्न स्वैप शुरू करने का प्रस्ताव बड़े शहरों में अधिक मूल्य के म्युनिसिपल बॉन्ड को बढ़ावा देने पर जोर।

## ग्रामीण विकास और खेल उद्योग

- महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना का प्रस्ताव।
- एक जिला-एक उत्पाद को बढ़ावा, ग्रामीण युवाओं को फायदा।
- भारत के सस्ते खेल सामान के वैश्विक केंद्र के रूप में उभरने की संभावना।

## इंफ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड खर्च

- 2026-27 में पूंजीगत खर्च 12.2 लाख करोड़ रुपये।
- टियर-2 और टियर-3 शहरों में इंफ्रा मजबूती पर जोर।
- 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में इंफ्रा विकास जारी।
- आंशिक लोन गारंटी के लिए इंफ्रा रिस्क गारंटी फंड।
- समर्पित REITs से रियल एस्टेट परिसंपत्तियों की रीसाइक्लिंग।

## रेल, जलमार्ग और ग्रीन ट्रांसपोर्ट

- 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर शहरों के बीच विकास सेतु बनेंगे।
- दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर।
- अगले 5 वर्षों में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग।
- बनारस और पटना में जहाज मरम्मत सुविधाएं।
- समुद्री विमान VGF योजना की शुरुआत।

## पढ़ाई, नौकरी से लेकर बिजनेस तक, उच्च स्तरीय स्थायी समिति के गठन का प्रस्ताव

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, मैं शिक्षा से रोजगार और उद्यम के क्षेत्र में एक उच्चस्तरीय स्थायी समिति गठित करने का प्रस्ताव रखती हूं, जो विकसित भारत के मुख्य चालक के रूप में सेवा क्षेत्र पर केंद्रित उपायों की सिफारिश करेगी। इससे हम 2047 तक सेवाओं में 10 प्रतिशत वैश्विक हिस्सेदारी के साथ वैश्विक नेता बन सकेंगे।

### अपग्रेड होंगे जिला अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर में बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं

वित्त मंत्री ने हेल्थकेयर सेक्टर को लेकर एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि देशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए जिला अस्पतालों का अपग्रेड किया जाएगा और ट्रॉमा सेंटर की संख्या बढ़ेगी।

### छोटे शहरों में विकसित होंगे कॉर्पोरेट मित्रों कैडर

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि सरकार टियर 2 और टियर 3 के शहरों में लघु एवं मध्यम उद्यमों की सहायता के लिए कॉर्पोरेट मित्रों का कैडर विकसित करेगी।

### विदेशों में मौजूद संपत्ति के लिए 6 महीने लिए डिस्क्लोजर स्कीम

इंटरनेशनल टूर पर टीसीएस 5 प्रति. और 20 प्र. से घटाकर 2 प्र. किया गया। विदेशों में मौजूद संपत्ति के लिए छह महीने लिए डिस्क्लोजर स्कीम

### इनकम टैक्स के फॉर्म को आसान बनाया जाएगा

- 1 अप्रैल से इनकम टैक्स का नया फॉर्म आएगा।
- विदेश यात्रा पर टीडीएस 2 फीसदी होगा।

## 23 प्रतिशत गिरा छत्तीसगढ़ में जीएसटी कलेक्शन

रायपुर। नए साल के पहले महीने जनवरी में देश का जीसटी कलेक्शन 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.93 लाख करोड़ रुपये हो गया है। सरकार ने रविवार को बताया कि भारत का गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) कलेक्शन जनवरी में 1,93,384 करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले साल इसी महीने के मुकाबले 6.2त्न ज्यादा हैष यह बढ़ोतरी मजबूत घरेलू गतिविधि और इंपोर्ट रेवेन्यू में अच्छी ग्रोथ के कारण हुई है। जनवरी 2025 में कुल त्नस्ञ्ज कलेक्शन 1,82,094 करोड़ रुपये था। जनवरी के लिए नेट त्नस्ञ्ज रेवेन्यू 1,70,719 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल इसी महीने के मुकाबले 7.6त्न ज़्यादा है. साल-दर-साल नेट रेवेन्यू 15,95,752 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो 6.8त्न की सालाना ग्रोथ है। रिफंड में मिले-जुले रुझान दिखे, जनवरी में कुल रिफंड 22,665 करोड़ रुपये दर्ज किया गया, जो पिछले साल के मुकाबले 3.1त्न की मामूली गिरावट है। घरेलू रिफंड 7.1प्रतिशत गिरकर 13,119 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक्सपोर्ट रिफंड 2.9त्न बढ़कर 9,546 करोड़ रुपये हो गया। राज्य-वार सेटलमेंट के बाद त्नस्ञ्ज रेवेन्यू की तस्वीर मिली-जुली रही । इंडस्ट्रियल राज्यों में अच्छी बढ़ोतरी हुई, जबकि छोटे राज्यों में गिरावट देखी गई। पॉजिटिव ग्रोथ- हरियाणा (27प्रतिशत), महाराष्ट्र (15 प्रतिशत), गुजरात (13 प्रतिशत), हिमाचल प्रदेश (18 प्रतिशत), पंजाब (12 प्रतिशत) सामान्य ग्रोथ- तमिलनाडु (5 प्रतिशत), कर्नाटक (7 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (2 प्रतिशत), दिल्ली (3 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (1 प्रतिशत) गिरावट- मध्य प्रदेश (-15 प्रतिशत), झारखंड (-6 प्रतिशत), ओडिशा (-10प्रतिशत), छत्तीसगढ़ (-23प्रतिशत), लद्दाख (-30प्रतिशत), लक्षद्वीप (-30 प्रतिशत) केंद्र शासित प्रदेशों का प्रदर्शन अलग-अलग रहा, चंडीगढ़ में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, पुडुचेरी में 11प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि लक्षद्वीप में 30 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई।

## बजट से पहले सर्राफा बाजार में गिरावट चांदी 27000 तक टूटी, सोना 13000 सस्ता




**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह आई तेज गिरावट के बाद सोना-चांदी की कीमतों में रविवार को एक बार फिर जोरदार क्रैश देखने को मिला। बजट के दिन शेयर बाजार के साथ कमोडिटी मार्केट एमसीएक्स पर भी ट्रेडिंग जारी रही और ओपनिंग के साथ ही दोनों कीमती धातुएं धड़ाम हो गईं। बाजार खुलते ही चांदी की कीमतों में सबसे बड़ा झटका लगा। 1 किलो चांदी का भाव अचानक 27,000 रुपये तक टूट गया, जिससे निवेशकों में हड़कंप मच गया। वहीं सोना भी इस गिरावट से अछूता नहीं रहा और सोने के दाम में 13,000 रुपये से ज्यादा की तेज गिरावट दर्ज की गई। केंद्रीय बजट 2026-27 से पहले रविवार को वायदा कारोबार में सोने और चांदी की कीमतों में 9 प्रतिशत तक की गिरावट आई। इससे पहले बीते सप्ताह भी सोना-चांदी की कीमतों में भारी टूट देखने को मिली थी। एक ही दिन में चांदी करीब 30 फीसदी तक सस्ती हो गई थी, जबकि सोना लगभग 17 फीसदी फिसल गया था। जानकारों के मुताबिक, बजट से जुड़ी अनिश्चितता, वैश्विक संकेतों और मुनाफावसूली के दबाव के चलते कीमती धातुओं पर लगातार दबाव बना हुआ है।

## बजट 2026 की साइज 53.5 लाख करोड़ रुपये

**पिछले बजट के मुकाबले हुई बढ़ोतरी**

बजट 2026 का साइज 53.5 लाख करोड़ रुपये है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार, सरकार ने वित्त वर्ष 2027 में डेट-टू-जीडीपी रेशियो को चालू वित्त वर्ष के 56.1 प्रतिशत से घटाकर 55.6 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा है।

### फ्यूचर एंड ऑप्शन पर STT टैक्स को बढ़ाया गया

नॉन कॉरपोरेट प्रमोटर्स पर लेगा 22 फीसदी टैक्स, शेयर बाजार में फ्यूचर एंड ऑप्शन पर STT यानी सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स को बढ़ाया गया है। फ्यूचर्स पर एसटीटी को बढ़ाकर 0.05% किया गया, जबकि ऑप्शंस प्रीमियम पर एसटीटी को 0.1% से बढ़ाकर 0.15% कर दिया गया है।

## कैंसर रोगियों के लिए 17 दवाएं सस्ती

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैंसर रोगियों के लिए 17 दवाएं सस्ती करने का ऐलान किया है। इसके अलावा, उन्होंने डिफेंस सेक्टर को कस्टम ड्यूटी में छूट देने की घोषणा की है।

### ग्रामीण महिलाओं की अगुआई वाले उद्यमों के लिए शी-मार्ट्स

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण के दौरान बताया कि ग्रामीण महिलाओं की अगुआई वाले उद्यमों के लिए स्व-सहायता उद्यम यानी शी-मार्ट्स की शुरुआत होगी।

### देश में खुलेंगे 3 नए आयुर्वेद एम्स

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि देश में 3 नए आयुर्वेद एम्स खुलेंगे। इसके अलावा, 5 क्षेत्रीय चिकित्सा केंद्रों की स्थापना भी होगी।

### कैपिटल एक्सपेंडिचर बढ़ाया, अब 12.20 लाख करोड़ रुपये

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैपिटल एक्सपेंडिचर को बढ़ाकर 12.20 लाख करोड़ रुपए किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट के लिए 40 हजार करोड़ दिए जाएंगे।

### 10000 करोड़ रुपये का SME ग्रोथ फंड प्रस्तावित

वित्त मंत्री ने 10,000 करोड़ रुपये का SME ग्रोथ फंड भी प्रस्तावित किया। उन्होंने कहा कि सरकार 2,000 करोड़ रुपये के फंड से माइक्रो एंटरप्राइजेज को सपोर्ट करेगी। सरकार ने MSMEs को लिक्विडिटी सपोर्ट देने के लिए TReDS सेटलमेंट प्लेटफॉर्म को भी अनिवार्य कर दिया है।

## बजट बाजार को नहीं आया रास, शेयर बाजार धड़ाम सेंसेक्स 2300 गिरा निफ्टी 624 अंक से अधिक टूटा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट पेश होने से पहले रविवार को बाजार लाल निशान पर खुला। हालांकि कारोबार के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बजट के एलानों के बाद टैक्स बढ़ने की घोषणाओं से शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 12.15 तक 265 अंक गिरकर 82,004.56 अंक पर आ गया। वहीं निफ्टी 131.35 अंक गिरकर 25,189.30 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 10.39 बजे तक 255.96 अंक चढ़कर 82,525.74 अंक पर आ गया। वहीं निफ्टी 56.60 अंक चढ़कर 25,377.25 अंक पर आ गया। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला 15.04 अंक या 0.02 प्रतिशत गिरकर 82,254.74 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 31.75 अंक या 0.13 प्रतिशत गिरकर 25,288.90 अंक पर आ गया। आज देश का आम बजट पेश होने जा रहा है। आमतौर पर शेयर बाजार में शनिवार और रविवार को छुट्टी होती है, लेकिन आज का रविवार निवेशकों के लिए सामान्य छुट्टी के दिनों से अलग है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट भाषण को देखते हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने एलान किया है कि इस दौरान शेयर बाजार खुले रहेंगे और सामान्य दिनों की तरह कारोबार होगा। एनएसई और बीएसई की ओर से जारी सर्कुलर के मुताबिक, बजट की अहमियत को देखते हुए 1 फरवरी को विशेष लाइव ट्रेडिंग सत्र आयोजित किया जा गया। एक्सचेंजों का कहना है कि बजट में होने वाली बड़ी नीतिगत घोषणाओं पर बाजार को तत्काल प्रतिक्रिया देने का मौका मिलना चाहिए, इसलिए रविवार होने के बावजूद बाजार बंद नहीं रहेगा।

## यात्रियों से भरे ऑटो में ट्रक ने मारी टक्कर, 6 लोगों की मौत, 2 घायल

**पटना, 01 फरवरी [एजेंसी]।**



रविवार को अहले सुबह मनेर के उर्स मेला देख कर टेम्पू से घर लौट रहे लोगों को अनियंत्रित बेलगाम ट्रक ने जबरदस्त रूप से टक्कर मार दिया। घटना बिहटा-आरा मुख्य मार्ग में परेव,लेखन टोला के समीप बतायी जा रही है। दर्दनाक दुर्घटना में ऑटो के परखच्चे उड़ गए। ऑटो में सवार आधा दर्जन लोगों की मौके वारदात पर मौत हो गयी । जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। मौके पर बिहटा पुलिस ने दल बल के साथ पहुंच शव को कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती करवाया है। वहीं पुलिस ने ट्रक को जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया है।

मृतक की पहचान भोजपुर के आरा के चिक टोली निवासी गुड्डू कुमार(33),मो इम्तियाज उर्फ बुलेट(30),मो सहजाद (22) , दौलतपुर निवासी मो शहजाद का तीन वर्षीय पुत्री शफना एवं ढेड़ वर्षीय पुत्र मो अस्फी के रूप में की जा रही है।

वहीं एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ऑटो में सवार सभी लोग अपने ही परिवार के बताए जा रहे है। सभी मनेर दरगाह से उर्स मेला देखकर रविवार को सुबह घर आरा लौट रहे थे।रास्ते में लेखन टोला के समीप आरा की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही बेलगाम ट्रक ने ऑटो में जबरदस्त रूप से धक्का मार दिया।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## शर्मनाक! प्रॉपर्टी के लिए घिनौना काम... हरियाणा में बेटे ने जिंदा पिता का करवा दिया क्रियाकर्म

**यमुनानगर, 01 फरवरी [एजेंसी]।**



प्रॉपर्टी के लालच में एक बेटे ने जिंदा पिता का क्रियाकर्म कर दिया। हरिद्वार में पिंडदान भी कर दिया। यहां तक कि हरिद्वार में पंडों के पास भी उसका नाम रजिस्टर में लिखवा दिया। अब मामला सामने आने के बाद पिता ने एसपी कमलदीप गोयल को शिकायत दी है। आरोप लगाया कि बेटे के साथ कुछ और लोग मिले हैं। वह प्रॉपर्टी हड़पना चाहते हैं, इसलिए ऐसा कर रहे हैं। आरोपित बेटे का कहना है कि उसका पिता बाहर रहता है। वह नशे का आदी है। इंटरनेट पर महिला के साथ फोटो डाल रहा है। उसे अपनी पत्नी बता रहा है। इससे समाज में बदनामी हो रही है। एसपी को दी शिकायत में भगवानपुर के मामचंद ने बताया कि पत्नी का दो वर्ष पहले निधन हो गया था। दो बेटे महेश, भारत भूषण व बेटी की शादी हो चुकी है। दोनों बेटों को अलग-अलग मकान बनाकर दिया है। बेटे महेश का चाल चलन ठीक नहीं था। वह लगातार परेशान करने लगा। वह झगड़ा करता है, इसके चलते उसे बेदखल कर दिया था। फिर वह परेशान करता था। उनसे परेशान होकर उत्तराखंड के विकासनगर में चला गया। वहां राज मिस्त्री के पास कार्य करने लगा। बीच-बीच में छोटे बेटे के पास आ जाता था।

अब पता लगा कि महेश ने मेरी मौत होने की सूचना फैला दी। गांव में क्रियाकर्म किया। लोगों को भी बुलाया। महेश का कहना है कि पिता शराब के आदी हैं। प्रॉपर्टी का मुद्दा नहीं है। मां के साथ पिता झगड़ा करते थे। महिलाओं के साथ संबंध हैं। वह अब भी इंटरनेट पर रील्स लगाते हैं। महिलाओं के साथ फोटो अपलोड करते हैं। कभी कहते हैं कि वह शादी कर रहे हैं। जिसके चलते यह निर्णय लेना पड़ा। हरिद्वार में पिंडदान की बात झूठी है। इतना जरूर है कि पिता को मृत मान लिया है।

## सड़क सुरक्षा माह .. 6705 से अधिक नागरिक किये गए जागरूक

**कोरबा।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कोरबा पुलिस द्वारा 01 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह का सफल आयोजन किया गया। यह अभियान कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में प्रभावी रूप से संचालित किया गया। सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर करतला से हाटी रोड पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिसमें कोरबा कलेक्टर कुणाल देवदत्त एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान सड़क किनारे स्थित पेड़ों पर कलर एवं रेडियम पट्टी लगाए जाने का अभियान चलाया गया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वयं श्रमदान करते हुए पेड़ों पर रेडियम पट्टी लगाई और रात्रि के समय वाहन चालकों को बेहतर दृश्यता उपलब्ध कराने का संदेश दिया, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। सड़क सुरक्षा माह के दौरान कोरबा पुलिस द्वारा जिलेभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें विद्यालय एवं महाविद्यालयो में 12 यातायात प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 2820 विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। एक हेलमेट रैली में करीब 150 नागरिकों ने सहभागिता की, जबकि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लगभग 400 लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर 9 जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए लगभग 1910 नागरिकों को लाभांवित किया गया। सड़क सुरक्षा पोस्टर चस्पा कर करीब 1000 नागरिकों तक संदेश पहुंचाया गया। यातायात नियमों का पालन करने वालों को गुलाब देकर सम्मानित करने का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 350 लोगों को प्रोत्साहित किया गया। वहीं, विद्यालयीन वाहनों की जांच हेतु एक विशेष अभियान में 75 वाहन/व्यक्तियों की जांच की गई। इन सभी गतिविधियों के माध्यम से कुल 27 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनसे लगभग 6705 नागरिक सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हुए। कोरबा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा सुरक्षित गति से वाहन चलाएं। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे जागरूकता एवं दुर्घटना-निवारक कार्यक्रम भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि आमजन की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## 15-20 किमी दूर परीक्षा देने जाने को मजबूर विद्यार्थी

**कोरबा ।** कोरबा जिले में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू होने में अब महज 21 दिन शेष रह गए हैं, लेकिन परीक्षा केंद्रों को लेकर छात्रों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी हाई स्कूल के 98 और हायर सेकेंडरी के 96 परीक्षा केंद्रों में ही बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने नए परीक्षा केंद्रों को मंजूरी देने से इंकार कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा पाली विकासखंड के दूरस्थ इलाकों में स्थित हाई स्कूल मुनगाडीह और सपलवा को परीक्षा केंद्र बनाए जाने का प्रस्ताव बोर्ड को भेजा गया था, लेकिन मंडल स्तर पर इस मांग को अस्वीकार कर दिया गया। इसके चलते इन स्कूलों में अध्ययनरत सैकड़ों छात्र-छात्राओं को इस वर्ष भी परीक्षा देने के लिए 15 से 20 किलोमीटर तक की दूरी तय करनी पड़ेगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी से प्रारंभ होंगी। परीक्षा की तैयारियों के मद्देनजर परीक्षा केंद्रों को संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है, लेकिन केंद्रों की दूरी विद्यार्थियों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। शिक्षाविदों और अभिभावकों ने बोर्ड से मांग की है कि भविष्य में परीक्षा केंद्र निर्धारण में भौगोलिक स्थिति और छात्रों की संख्या को ध्यान में रखा जाए, ताकि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अनावश्यक परेशानियों से बचाया जा सके।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कोरबा ।** कोरबा भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, जिला कोरबा द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के पूर्व दिवस पर कोरबा स्थित संत रविदास मंदिर प्रांगण में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्र में व्यापक रूप से साफ-सफाई कर स्वच्छता और सेवा का संदेश दिया गया।

इस अभियान में संत रविदास समाज के जिला अध्यक्ष एवं जिला सचिव सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी भी विशेष रूप से शामिल हुए और सभी ने मिलकर श्रमदान करते हुए मंदिर प्रांगण को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया। स्वच्छता अभियान के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों ने संत शिरोमणि रविदास जी के जीवन, उनके समरसता, समानता और सामाजिक न्याय के संदेशों को स्मरण करते हुए कहा कि संत रविदास जी का जीवन समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने और सेवा भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक और धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाकर समाज में सकारात्मक संदेश जाता है तथा नई पीढ़ी को सेवा, स्वच्छता और सामाजिक समरसता के मूल्यों से जोड़ा जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संत रविदास के विचारों को आत्मसात करने और समाज में स्वच्छता, समानता एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## ट्रक मालिकों की हुई बैठक में कोयला भाड़ा 15 दिनों में देने पर बनी सहमति

**कोरबा।** कोरबा जिलान्तर्गत सरायपाली ओपन खदान में ट्रक एवं ट्रैलर मालिक संघ द्वारा कोल लिफ्टरों के साथ भाड़े को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोयला परिवहन के भाड़े में लगातार हो रही कमी और भुगतान में देरी पर चर्चा की गई। ट्रक मालिकों ने बताया कि वर्तमान में भाड़ा 5 से 6 माह बाद दिया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगे से कोयला परिवहन का भाड़ा 15 दिनों के भीतर ट्रक मालिकों को भुगतान किया जाएगा। इस प्रस्ताव पर सभी कोल लिफ्टरों एवं ट्रक मालिकों ने सहमति जताई। संघ ने चेतावनी दी कि यदि तय समय पर भाड़ा भुगतान नहीं किया गया तो भविष्य में आंदोलन किया जा सकता है।

बैठक में संघ अध्यक्ष रितेश कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष फरियाद अंसारी, सचिव अनिल जायसवाल सहित मनजीत सिंह गंभीर, राजेश डोंगरे, सूरज कश्यप, सुभाष कस्तूरा, मोबीन खान, लक्ष्मण मखीजा, ऊदल सागर एवं रोहित प्रजापति सहित बड़ी संख्या में संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

# जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समन्वय तथा सहभागिता से संपूर्णता अभियान 2.0 के लक्ष्यों को किया जा सकता है हासिल : लखन

### कैबिनेट मंत्री की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग, आबकारी, सार्वजनिक उपक्रम एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि विगत वर्ष संपूर्णता अभियान 1.0 के तहत निर्धारित संकेतकों पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की गईं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा-निर्देशन में नीति आयोग द्वारा कोरबा जिले को विकास की तेज राह पर आगे बढ़ाने के उद्देश्य से संपूर्णता अभियान 2.0 लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि सरपंचों सहित सभी जनप्रतिनिधियों की सहभागिता और विभागीय अधिकारियों के समन्वय से आकांक्षी जिले के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए कोरबा को विकास व प्रगति के पथ पर आगे ले जाना उनकी प्राथमिकता है। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि इस अभियान के सभी मानकों को प्राप्त करने में सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। योजनाओं का सफल क्रियान्वयन और उनका लाभ पात्र व्यक्तियों तक सुनिश्चित रूप से पहुँचे, इसके लिए समर्पित भाव से कार्य करना जरूरी है।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित भारत की दिशा में लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए डीएमएफ की व्यवस्था से जिले में अनेक विकास कार्य संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 विजन को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी छत्तीसगढ़ को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने




जनजागरूकता के माध्यम से संपूर्णता अभियान 2.0 के निर्धारित संकेतकों पर प्रभावी कार्य कर लक्ष्यों की प्राप्ति और कोरबा जिले को आकांक्षी जिला श्रेणी से बाहर लाने के लिए सभी की सहभागिता अत्यंत आवश्यक बताई। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि कोरबा जिला लंबे समय से आकांक्षी जिला श्रेणी में शामिल रहा है। संपूर्णता अभियान 1.0 में बेहतर कार्य होने पर जिले को प्रोत्साहन मिला था। उन्होंने कहा कि संपूर्णता अभियान 2.0 में जिन संकेतकों को शामिल किया गया है, उन पर उपलब्धि हासिल करने पर सम्मानित किए जाने का भी प्रावधान है। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि शासन द्वारा आकांक्षी योजना का जिलों और आकांक्षी ब्लॉकों में प्रभावी संचालन कर तेज विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आकांक्षी जिले के सभी मानकों की लक्ष्य प्राप्ति हेतु आगामी तीन माह तक संबंधित विभागों द्वारा तैयार की गई कार्य योजना के आधार पर फील्ड में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि संपूर्णता अभियान प्रधानमंत्री का एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान है, जिसके अंतर्गत देशभर के कुछ जिलों और ब्लॉकों का चयन किया गया है। कोरबा जिला भी आकांक्षी जिले के रूप में शामिल है। संपूर्णता अभियान 1.0 के दौरान निर्धारित संकेतकों पर योजनाबद्ध कार्य किया गया था। संपूर्णता अभियान 2.0 आज से प्रारंभ हुआ है और 14 अप्रैल तक स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करना लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और कृषि के प्रमुख संकेतकों को निश्चित समय सीमा में संतृप्त करना प्रमुख उद्देश्य है। अभियान का मकसद नियमित निगरानी और शासन तंत्र के प्रभावी एकीकरण के माध्यम से विगत वर्ष की उपलब्धियों को मजबूत करते हुए आगे बढ़ाना है। उन्होंने निर्धारित संकेतकों का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सभी एकजुट होकर शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल करेंगे और सम्मानित होंगे। पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने अभियान की सफलता की कामना करते हुए संबंधित विभागों को निर्धारित मानकों की लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने की बात कही, ताकि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग ने सम्पूर्णता अभियान के उददेश्यों को विस्तार से बताया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों एवं योजनाओं के बीच अभिसरण को मजबूत कर समग्र विकास को गति प्रदान करना है। स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय नेतृत्व और सामुदायिक प्लेटफार्मों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से जनभागीदारी बढ़ाना, तथा सफल कहानियों का दस्तावेजीकरण कर नवाचार और पारस्परिक सीख को प्रोत्साहित करना भी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र में जन्म के समय शिशुओं के वजन में सुधार, क्षय रोग (टीबी) केस नोटिफिकेशन की दर में वृद्धि, तथा प्रत्येक माह कम से कम एक बार ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस अथवा शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आयोजित करने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रतिशत को बढ़ाना प्रमुख संकेतक हैं। शिक्षा एवं कृषि क्षेत्र में क्रियाशील बालिका शौचालयों वाले विद्यालयों का प्रतिशत तथा टीकाकृत पशुओं का अनुपात भी प्रमुख संकेतकों में शामिल है।

कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ करते हुए उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अभियान की सफलता हेतु शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतिथियों ने सेल्फी जोन में स्मृति फोटो भी लिए। कार्यक्रम में बिहान से जुड़े स्व-सहायता समूह-ग्राम दोंदरो की देवी स्व-सहायता समूह, जय मां दुर्गा स्व-सहायता समूह, जामबहार की जय मां लक्ष्मी एवं जय अंबे स्व-सहायता समूह, तथा सोनपूरी की राधा कृष्णा स्व-सहायता समूह को मंत्री श्री देवांगन द्वारा चेक वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कोलगा के उतरा सिंह, पंचराम, श्री शांति और दुकालुराम को स्वायल हेल्थ कार्ड भी प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने स्व-सहायता समूह द्वारा लगाये स्टाल का भी अवलोकन किया।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में बालिकाओं को साइकिल वितरीत



कोरबा । कोरबा जिले के वार्ड नंबर 16 पंप हाउस स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम बड़े उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कुल 26 साइकिलों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और आत्मनिर्भरता ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। सरकार द्वारा संचालित सरस्वती साइकिल योजना बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है, जिससे उन्हें स्कूल आने-जाने में सुविधा मिलती है और पढ़ाई के प्रति उनका उत्साह बढ़ता है। इस अवसर पर शाला अध्यक्ष रामकिशोर यादव, पार्षद रामकुमार साहू, सदस्य चंद्रहास यादव, पालक प्रतिनिधि संतोष केवट, सदस्य शेखर तिवारी, राजेश राठौर, राजेश मिश्रा, अशोक लाल, फूलचंद कुलदीप और छबील पांडे सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्य प्रभा सिंह, शिक्षिका किरण दुबे, सपना द्विवेदी, ममता गवेल, वंदना सोनी और आकांक्षा कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। साइकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए इसे बालिका शिक्षा के लिए मील का पत्थर बताया।

## कोरबा जिले की दीवारों पर उतरे 90 के दशक के सुपर हीरो

**कोरबा ।** कोरबा शहर के सौंदर्यीकरण को एक नया और आकर्षक रूप देते हुए नगर निगम ने ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्ग की दीवारों को रंगों से जीवंत कर दिया है। इस अनोखी पहल के तहत 90 के दशक के लोकप्रिय सुपर हीरो एक बार फिर शहर की सड़कों पर नजर आने लगे हैं। दीवारों पर बनाए गए यह जीवंत चित्र राहगीरों का ध्यान खींच रहे हैं और शहर को एक नई पहचान दे रहे हैं।

नगर निगम द्वारा कराए गए इस सौंदर्यीकरण कार्य में जहां एक ओर 90 के दशक के सुपर हीरो उकेरे गए हैं, वहीं दूसरी ओर अवेंजर्स और स्पाइडर-मैन जैसे आधुनिक सुपर हीरो के चित्र भी बनाए गए हैं। इसके साथ ही जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों, रामायण के पात्रों और महापुरुषों के चित्रों को भी दीवारों पर दर्शाया गया है, जिससे यह पहल सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी खास बन गई है।

नगर निगम का यह प्रयोग न केवल शहर की सुंदरता बढ़ा रहा है, बल्कि लोगों को पुरानी यादों से भी जोड़ रहा है। खासकर 90 के दशक के सुपर हीरो बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी आकर्षित कर रहे हैं। लोग रुककर इन चित्रों को देख रहे हैं और शहर के बदलते स्वरूप की सराहना कर रहे हैं। नगर निगम अपर आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल सौंदर्यीकरण नहीं, बल्कि सुपर हीरो के माध्यम से शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश देना भी है। उन्होंने बताया कि नगर निगम कोरबा जिले को स्वच्छता के ऊंचे पायदान तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है और इस तरह के रचनात्मक प्रयोग लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में सहायक सिद्ध होंगे। शहर की दीवारों पर उभरे यह रंगीन चित्र अब कोरबा की नई पहचान बनते जा रहे हैं, जो सौंदर्य, संस्कृति और स्वच्छता के संदेश को एक साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

## गौतम-अमन, भूषण-जगदेव व डॉ. प्रभात-स्वाति जीते



कोरबा। एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना कोरबा के तत्वावधान में रिपब्लिक कप 2026 बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। तीन आयु वर्ग में आयोजित एकदिवसीय टीम इवेंट में गौतम-अमन, भूषण उरांव व जगदेव और डॉ. प्रभात पाणिग्रही व स्वाति रेगे की जोड़ी ने एकलव्य रिपब्लिक कप के विजेता का खिताब हासिल किया।नगर निगम कॉलोनी निहारिका स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के बैडमिंटन कोर्ट में यह प्रतियोगिता आयोजित थी। इनमें 25 से 45 वर्ष, 45 से 60 एवं 60 वर्ष से अधिक के खिलाड़ियों ने भाग लिया। 25 से 45 वर्ष में 16 टीम, 45 से 60 में 8 और 60 प्लस में 4 टीमों ने हिस्सा लिया। 25 से 45 वर्ष में गौतम और अमन की जोड़ी विजेता रही।अवनीश पाठक और नरेंद्र उइके उपविजेता रहे। 45 से 60 वर्ष में भूषण उरांव व जगदेव की जोड़ी विजेता और मनीष गुप्ता व नितिन गुप्ता उप विजेता रहे। 60 प्लस आयु वर्ग में डॉ. प्रभात पाणिग्रही और स्वाति रेगे की जोड़ी विजेता व सुधीर रेगे और डॉ. ज्योति श्रीवास्तव उप विजेता रहे।

आयोजन को सफल बनाने एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के अध्यक्ष डॉ. संजय अग्रवाल, जिला बैडमिंटन संघ के संरक्षक अशोक शर्मा, एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के वाइस प्रेसिडेंट भूषण उरांव, सचिव मनीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोनल फेलिक्स, केडीबीए अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, महेश गुप्ता, सुधीर रेगे, श्रीराम तिवारी, चीफ रेफरी सूर्यकांत ठाकुर, कार्यक्रम संचालक अमित बनर्जी ने मुख्य भूमिका निभाई। विजेता को पुरस्कार 3100, उपविजेता को 2100 रुपए नकद प्रदान किया गया। एकलव्य के अध्यक्ष डॉ. संजय अग्रवाल ने कहा कि सच्चा चैंपियन वही है, जो खेल के प्रति समर्पण, प्रतिस्पर्धी के लिए सम्मान व खेल भावना और दिल में कभी हार न मानने के जज्बे के साथ खेलता है। खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का मौका मिला और अपनी प्रतिभा से इस दिन को यादगार बनाने का प्रयास किया। यही इस टूर्नामेंट का उद्देश्य रहा।



## युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किया शराब दुकान खुलने का विरोध

**कोरबा।** युवा कांग्रेस के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के दिन 30 जनवरी को देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकानों के खुलने का विरोध किया।

निहारिका एवं टीपी नगर में संचालित अंग्रेजी शराब दुकानों के सामने युवा कांग्रेस नेताओं ने जमकर नारेबाजी की और आबकारी मंत्री का पुतला फूँका, पुतले में दारू मंत्री लखन लाल देवांगन लिखा हुआ था। इन दोनों जगह युवा नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर लेकर रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम भजन का गायन करते रहे। युवा कांग्रेस के शहर अध्यक्ष राकेश पंकज ने कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के दिन भी छत्तीसगढ़ प्रदेश में शराब दुकानें खोले गए। श्री पंकज ने कहा कि साल के 365 दिनों में मात्र 07 दिन शराब की दुकानें बंद रखी जाती है। इसमें भी बीजेपी सरकार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि 30 जनवरी के साथ मोहर्रम एवं होली में बंद रहने वाले नियम को बदलकर शराब दुकानें खोलने का फरमान जारी किया है। बदले नियम के अनुसार अब गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, 02 अक्टूबर गांधी जयंती एवं 18 दिसंबर गुरु घासीदास जयंती के दिन अर्थात् साल में मात्र 04 दिन शराब की दुकानें बंद रखा जावेगा। जिला अध्यक्ष राकेश पंकज ने आगे कहा कि जैसे मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाकर वीबीरामजी रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान किया गया और अब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के दिन हर हमेशा से बंद रखे जाने वाले शराब की दुकानों को खोले जाने के नियम से यह स्पष्ट हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को युगपुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांत, विचार, शांति के मसीहा, सत्य और अहिंसा मानवता के कल्याण आदि से कोई लेना देना नहीं है। ये लोग दिखावे मात्र के लिए ही या मजबूरी में ही याद करते हैं।युवा कांग्रेस के साथ-साथ महिला कांग्रेस सहित समस्त कांग्रेस परिवार इस निर्णय को वापस लेने की मांग करते हैं। युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास ने कहा कि गांधी जी के पुण्यतिथि, जयंती, 15 अगस्त, 26 जनवरी, होली, मोहर्रम, गुरु घासीदास जयंती आदि विशेष धार्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय महापर्व के अवसरों पर शराब दुकानें बंद रखने की परंपरा हमेशा से रही है। इन परंपराओं को आगे भी निभाते रहते तो क्या गजब हो जाता। क्या छत्तीसगढ़ प्रदेश की सरकार शराब बिक्री के ही बलबूते चल रही है।

## सम्मान से सशक्तिकरण तक: महतारी वंदन योजना ने रचा बदलाव का नया अध्याय

**कोरबा ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए प्रारंभ की गई महतारी वंदन योजना ने प्रदेश की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का नया अध्याय जोड़ा है। शासन की स्पष्ट मंशा और संवेदनशील दृष्टिकोण के अनुरूप प्रतिमाह सीधे बैंक खातों में प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का संबल दिया है, जो केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित न रहकर महिलाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा और स्वावलंबन की भावना को सुदृढ़ कर रही है।

## एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन को मिला डब्ल्यूसीएल सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार

**कोरबा।** कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह अतिरिक्त प्रभार 01 फरवरी 2026 से प्रारंभ होकर प्रारंभिक अवधि तीन माह के लिए अथवा आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा।

हरीश दुहन ने 27 मार्च 2025 को साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पदभार ग्रहण किया है। उनके नेतृत्व में एसईसीएल ने भू-अधिग्रहण, गुणवत्तापूर्ण कोयला उत्पादन, सतत एवं पर्यावरण अनुकूल खनन, महिला सशक्तीकरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।श्री दुहन के मार्गदर्शन में एसईसीएल भूमिगत खदानों में पेस्ट-फिल तकनीक अपनाने वाली देश की पहली कोल पीएसयू बनी है। लंबे समय से भू-अधिग्रहण की चुनौतियों से जूझ रही एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं में, उनके नेतृत्व में अप्रैल से नवंबर 2025 के बीच रिकॉर्ड 236 हेक्टेयर भूमि का पजेशन प्राप्त किया गया, जिससे उत्पादन क्षमता को सशक्त आधार मिला है। इसके अतिरिक्त, कोल इंडिया की पहली पूर्णतः महिला संचालित डिस्पेंसरी तथा ऑल-वूमेन सेंट्रल स्टोर यूनिट की शुरुआत कर एसईसीएल ने नारी सशक्तीकरण एवं कार्यस्थल समावेशन के क्षेत्र में भी नए मानक स्थापित किए हैं।हरीश दुहन को कोयला खनन क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक का व्यापक एवं बहुआयामी अनुभव प्राप्त है। उन्होंने नागपुर विश्वविद्यालय से माइनिंग इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि प्राप्त की है। वर्ष 1989 में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) से अपने करियर की शुरुआत करने वाले श्री दुहन के पास फर्स्ट क्लास माइन मैनेजर सर्टिफिकेट तथा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की उपाधि भी है। अपने करियर के दौरान श्री दुहन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में निदेशक (तकनीकी-संचालन) के रूप में कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना में एरिया जनरल मैनेजर तथा कॉर्पोरेट प्रोजेक्ट प्लानिंग विभाग के महाप्रबंधक के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभाई हैं। श्री दुहन को पर्यावरण हितैषी फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं, डिजिटलीकरण, तथा सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास एवं कार्यान्वयन का विशेष अनुभव प्राप्त है, जो उन्हें कोयला क्षेत्र में आधुनिक, सतत एवं भविष्य-उन्मुख नेतृत्व प्रदान करने वाला व्यक्तित्व बनाता है।

## आकांक्षी जिला: संपूर्णता अभियान 14 अप्रैल तक

**कोरबा।** जिले में आकांक्षी जिला और ब्लाक कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संपूर्णता अभियान की शुरुआत की गई है। जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग ने सभी विभागों को समय सीमा में योजनाओं को पूर्ण करने कहा है। जिले की पोड़ी-उपरोड़ा और कोरबा ब्लॉक में चयनित विकास सूचकांक में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना है।

# डकैती-गिरोह के मास्टरमाइंड का शॉर्ट-एनकाउंटर, लूटपाट कर लोगों से की थी मारपीट

**जांजगीर।** जिले में रविवार सुबह 5 बजे पुलिस ने डकैती गिरोह के मास्टरमाइंड का शॉर्ट एनकाउंटर किया है। आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिससे वो जख्मी हो गया। घायल बदमाश का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वो दादा-दादा कहते और दर्द में रोते हुए नजर आ रहा है।

बताया जा रहा है कि, बदमाशों को पकड़ने गई पुलिस पर मुख्य आरोपी ने देशी कट्टे से फायरिंग की। जबावी कार्रवाई में पुलिस को भी गोली चलानी पड़ी। पुलिस ने पहले इस गिरोह के 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी निशानदेही पर पुलिस मास्टरमाइंड को पकड़ने निकली थी।

जानकारी के मुताबिक, 27 और 29 जनवरी को शिवरीनारायण और पामगढ़ थाना क्षेत्रों में 5 हथियारबंद डकैतों ने लूटपाट की थी। इन घटनाओं में बदमाशों ने लूटपाट के साथ-साथ लोगों पर हमला भी किया था। जिसमें 13 लोग घायल हुए थे। 2 गंभीर रूप से घायल का बिलासपुर और रायपुर में इलाज चल रहा है। एक कोमा में है।



जिसके बाद पुलिस ने एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी शुरू की। इस दौरान पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ के बाद गिरोह के मास्टरमाइंड रामनाथ का पता चला। जिसके बाद पुलिस ने रामनाथ की घेराबंदी की। खुद को घिरा देख रामनाथ ने देशी कट्टे से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में शिवरीनारायण थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव ने भी सर्विस पिस्टल से 3 बार फायरिंग की। एक गोली आरोपी रामनाथ के पैर पर लगी और वह घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।पुलिस ने गिरोह के सभी सदस्यों के खिलाफ डकैती, हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। घायल रामनाथ से पूछताछ जारी है।एसडीओपी योगिता बाली खापर्डे ने इस घटना की पुष्टि की है।आरोपियों के कब्जे से स्टील रॉड, लोहे के पाइप, डंडे, बेल्ट, बाइक, स्कूटी, मोबाइल फोन और कैश समेत कुल 4.09 लाख की संपत्ति जब्त की गई है।



आरोपियों के कब्जे से स्टील रॉड, लोहे के पाइप, डंडे, बेल्ट, बाइक, स्कूटी, मोबाइल फोन और कैश समेत कुल 4.09 लाख की संपत्ति जब्त की गई है।

पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें निखिल टंडन (18 वर्ष), मनीराम गोंड (19 वर्ष), नरेश यादव (19 वर्ष), रोशन टंडन (19 वर्ष), आयुष रात्रे (18 वर्ष), सन्नी शामिल हैं। 2 नाबालिग को भी पकड़ा गया है। सभी आरोपी राहौद और आसपास के क्षेत्रों के रहने वाले हैं।आरोपियों के कब्जे से स्टील रॉड, लोहे के पाइप, डंडे, बेल्ट, बाइक, स्कूटी, मोबाइल फोन और कैश समेत कुल 4.09 लाख की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार यही हथियार वारदात में इस्तेमाल हुए।

**ऐसे देते थे वारदात को अंजाम**

गिरोह सुनसान और अंधेरे रास्तों पर बाइक से घूमता था। राहगीरों को रोककर सीधे सिर पर रॉड-डंडे से हमला करते थे, जिससे पीड़ित लड़ न सके। इसके बाद मोबाइल और कैश लूटकर फरार हो जाते थे। एक ही रात में कई लोगों को निशाना बनाकर इलाके में दहशत फैलाना इनका तरीका था।

## उचित मूल्य दुकान संचालक की मनमानी, उपभोक्ताओं ने की शिकायत



**हसौद।** हसौद सक्ती जिले के मालखरौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भेड़ीकोना में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालक पर ग्रामीणों ने मनमानी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मालखरौदा को लिखित शिकायत सौंपते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम भेड़ीकोना की शासकीय उचित मूल्य दुकान का आवंटन जय मां दुर्गा महिला स्व सहायता समूह को प्राप्त है, जिसका संचालन संतोषी साहू द्वारा किया जा रहा है।

आरोप है कि दुकान संचालक द्वारा शासन के नियमों की अनदेखी करते हुए मनमाने ढंग से दुकान का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार शासन के नियमानुसार उचित मूल्य दुकान पूरे माह खुली रहनी चाहिए, ताकि जरूरतमंद हितग्राही अपनी सुविधा के अनुसार राशन प्राप्त कर सकें, लेकिन संचालक द्वारा केवल माह के अंतिम दो-तीन दिनों में ही राशन वितरण किया जाता है।

इससे कई पात्र हितग्राही राशन से वंचित रह जाते हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि राशन वितरण माह के अंतिम दिनों में रात के समय किया जाता है, जो नियमों के विरुद्ध है। बीते दिसंबर माह में अनुसुइया गोस्वामी, खीकबाई यादव सहित कई ग्रामीणों को राशन नहीं मिल पाया। वहीं वर्तमान माह में भी खबर लिखे जाने तक राशन वितरण शुरू नहीं किया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।



## 22 छात्राओं को साइकिल बांटी गई

**अकलतरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पड़रिया में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 22 छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरित की गई। गांव के उपसरपंच राम सिंह यादव और पंच रमेश भट्ट ने छात्राओं को साइकिल सौंपी। कार्यक्रम में उपसरपंच राम सिंह यादव ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 9वीं की छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा देने के लिए साइकिल प्रदान की जाती है। साइकिल मिलने से छात्राएं समय पर विद्यालय आ-जा सकेंगी और उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य जीआर पटेल, राजकिशोर धिरही, बसंत बंजारे, शुभम शर्मा, किरण सिंह चंदेल, सूरज कुमार, प्रकाश कंवर सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## रबि फसल की बुआई पर संकट पानी पहुंचा 1 नंबर गेट तक

**जांजगीर।** अकलतरा ब्लॉक के तागा गांव में इस बार रबी फसल की बोआई पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। किसानों को सिंचाई विभाग द्वारा भरोसा दिलाया गया था कि तीन नंबर नहर गेट तक पानी छोड़ा जाएगा, लेकिन फिलहाल पानी केवल गेट नंबर-1 तक ही पहुंच पाया है। इस स्थिति से तागा, पौना और मुरलीकंजी क्षेत्र के किसान असमंजस और चिंता में हैं।

किसानों ने बताया कि बोआई का समय लगातार निकल रहा है, लेकिन खेतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने के कारण वे यह तय नहीं कर पा रहे कि बोआई शुरू करें या नहीं। कई किसानों ने धान के बीज खरीद लिए हैं और खेतों की तैयारी भी कर ली है, लेकिन नहर में बेहद कम बहाव से सारी तैयारी अधर में लटक गई है। स्थानीय किसान दीपक सूर्यवंशी ने कहा कि समस्या नई नहीं है। पिछले वर्ष भी विभाग ने आश्वासन दिया था कि पानी फसल तक पहुंचेगा, लेकिन कई खेत सूख गए और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा।

उन्होंने कहा कि नहरों की हालत जर्जर है, समय पर सफाई और मरम्मत नहीं होती। केवल आश्वासन से खेती नहीं चल सकती, जमीन तक पानी पहुंचना जरूरी है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा गया, तो इस सीजन की रबी फसल गंभीर रूप से प्रभावित होगी। उनकी पूरी



मेहनत बर्बाद होने का खतरा है।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द खेतों तक पानी पहुंचाने का प्रबंध करना चाहिए। ताकि उन्हें नुकसान से बचाया जा सके। लगभग एक सप्ताह पहले अधिकारियों ने किसानों को फसल तैयारी के लिए कहा था, लेकिन मौजूदा स्थिति देखकर किसानों को संदेह है कि पानी तीन नंबर गेट तक पहुंचेगा भी या नहीं। किसानों ने सिंचाई विभाग से आग्रह किया है कि नहर में पर्याप्त पानी छोड़ा जाए और जर्जर हिस्सों की कांक्रीट मरम्मत तत्काल कराई जाए, ताकि रबी फसल समय पर बोई जा सके और आर्थिक नुकसान से बचा जा सके। मरम्मत नहीं होने की वजह से हर साल काफी पानी बर्बाद हो जाता है। इसका खामियाजा किसानों को उठाना पड़ता है।

## 3 नगर पालिकाओं में बारिश का पानी सहेजने के लिए बनाएंगे रिचार्ज यूनिट

**जांजगीर।** शहरी क्षेत्रों में हर साल भू-जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है, जिसके कारण मार्च तक कई वार्डों में बोरवेल सूखने लगते हैं।

जल संकट की इस चुनौती से निपटने के लिए जांजगीर-नैला, अकलतरा और चांपा नगर पालिका क्षेत्रों में तीन स्थानों पर भूमिगत जल रिचार्ज यूनिट बनाए जाएंगे। मानसून के दौरान बहने वाले वर्षा जल को इन यूनिटों के माध्यम से सीधे भूमि में प्रवाहित किया जाएगा, जिससे भू-जल स्तर बेहतर हो सकेगा। राज्य शहरी विकास अभिकरण ने नगर पालिकाओं को इस संबंध में पत्र भेजकर स्थल चयन सहित आवश्यक विवरण मांगा है। इन यूनिटों से पेयजल बोरवेल और भूमिगत जल स्रोतों को रिचार्ज किया जाएगा।

6 लाख रुपए होंगे खर्च- शहर में बनने वाली प्रत्येक यूनिट पर लगभग 6 लाख 22 हजार रुपए की लागत आएगी। यह कार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन (शहरी योजना) के अंतर्गत किया जाएगा। यूनिट का निर्माण वी-वायर तकनीक से किया जाएगा। यह तकनीक भू-जल रिचार्ज और बोरवेल संरक्षण के लिए उपयोग में लाई जाती है।

इसमें वी आकार की विशेष स्टेनलेस स्टील वायर से बनी स्क्रीन बोरवेल या इंजेक्शन वेल के भीतर लगाई जाएगी। इस संरचना की वजह से सतह पर गाद, रेत और मिट्टी रुक जाएगी और पानी बिना अवरोध के नीचे की परतों तक पहुंच सकेगा। पहले चरण में प्रदेश के 14 नगर निगम और 56 नगर पालिकाओं में 302 यूनिट तैयार किए जाएंगे। इसके बाद सभी नगरीय निकायों में भूमिगत जलस्तर वृद्धि और बोरवेल रिचार्ज के लिए वी-वायर तकनीक से इंजेक्शन वेल निर्माण किया जाएगा।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का सक्ती में हुआ समापन



**सक्ती।** जिला पुलिस सक्ती एवं यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 का समापन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चले इस अभियान के दौरान जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही एवं यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। यदि प्रत्येक नागरिक नियमों का ईमानदारी से पालन करे तो बहुमूल्य जानें बचाई जा सकती हैं। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से जिम्मेदार वाहन संचालन की अपील की। भाजपा प्रदेश मंत्री विद्या सिदार ने अपने वक्तव्य में कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान समाज के हर वर्ग से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि, प्रशासन और आम नागरिक—तीनों की सहभागिता से ही सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। सड़क पर सतर्कता ही सुरक्षित भविष्य की कुंजी है। भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल जनवरी माह तक सीमित न रहकर वर्षभर का संकल्प बनना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि नगरीय क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आम नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर प्रशासन सड़क सुरक्षा से जुड़े हर प्रयास में पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगा।

कार्यक्रम में उद्योगपति त्रिलोकचंद जायसवाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, चितरंजन पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीओपी डॉ. भुवनेश्वरी पैकरा, यातायात प्रभारी कमल किशोर महतो, रक्षित निरीक्षक उमेश राय एवं थाना प्रभारी लखन लाल पटेल मौजूद रहे। समापन अवसर पर उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई और यह संदेश दिया गया कि सड़क सुरक्षा अभियान नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का दायित्व है।

## धान न बिकने से परेशान किसान टावर पर चढ़ा, 120 फीट ऊंचाई पर बैठा रहा, पुलिस ने समझाकर उतरवाया, फिर भेजा जेल

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले में धान का टोकन नहीं मिलने पर परेशान किसान शराब के नशे में 120 फीट ऊंचे हाई टेंशन टावर पर चढ़ गया। ग्राम कसौंदी में किसान अनिल गढ़वाल (35 साल) करीब 3 घंटे तक वहीं चढ़ कर बैठा रहा। इस दौरान वह कभी झूलते नजर आया तो कभी पोल पकड़कर नीचे उतरते नजर आया।

मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें किसान ने कहते हुए नजर आ रहा है कि जब तक बचे हुए धान की बिक्री नहीं होगी, तब तक वह नीचे नहीं उतरेगा।

किसान ने बताया कि धान खरीदी का आखिरी दिन है और 150 बोरा धान वह नहीं बेच पाया, उस पर डेढ़ लाख का कर्ज भी है। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। बाद में किसी तरह समझाकर उसे नीचे उतारा गया, जिसके बाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर थाने ले गई।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम कसौंदी निवासी किसान अनिल गढ़वाल (35 साल) के पास करीब 2.77 एकड़ कृषि भूमि है। जिसमें वह धान की खेती करता है।

अनिल का कहना है कि इस खरीफ सीजन में वो गोद धान मंडी में एक बार में 29 क्विंटल धान बेच चुका है, लेकिन उतनी ही मात्रा में 29 क्विंटल यानि करीब 150 बोरा धान अब तक नहीं बिका है। बार-बार प्रयास के बावजूद जब उसका टोकन नहीं कटा, तो वह मानसिक रूप से बेहद परेशान हो गया।

**नशा करके 120 फीट ऊंचे हाई टेंशन टावर पर चढ़ा**

शनिवार (31 जनवरी) सुबह करीब 9 बजे गुस्से में उसने खूब शराब पी फिर घर से निकलकर सीधे गांव के पास लगे 120 फीट ऊंचे हाई टेंशन टावर पर चढ़ गया।

किसान की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर जमा हो गए। देखते ही



देखते वहां भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, तहसीलदार राजकुमार मरावी भी प्रशासनिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी लगातार किसान को समझाने-बुझाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन किसान टावर से उतरने को तैयार नहीं था।

टावर के ऊपर से नशे में किसान अनिल ने साफ कहा कि 'जब तक मेरा बचा हुआ धान नहीं बिकेगा, मैं नीचे नहीं उतरूंगा।'

इधर, किसान की चेतावनी के बाद पुलिस-प्रशासन की टीम टेंशन में आ गई। उन्होंने हालात को देखते हुए नगर सेना (होमगार्ड) की टीम को भी बुलाया लिया। रेस्क्यू के लिए जवान सुरक्षा जाली लेकर पहुंचे और टावर के नीचे जाली बिछा दी गई, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

वहीं किसान के टावर पर चढ़ने की जानकारी परिजन को मिली तो वह भी तुरंत मौके पर पहुंच गए। पत्नी ने मोबाइल से पति अनिल से बात की और उसे नीचे उतरने के लिए मनाने की कोशिश की, लेकिन अनिल सुनने को तैयार नहीं था। वह टावर पर इधर-उधर टहलता रहा और अपनी जिद पर अड़ा रहा।

किसान का यह पूरा ड्रामा करीब तीन घंटे तक चलता रहा। इस हरकत से वहां मौजूद लोग काफी डर गए थे। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने भी सब्र से काम लिया। आखिरकार अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसान को सुरक्षित नीचे उतारा गया। किसान को नीचे उतारते ही पुलिस उसे अस्पताल ले गई। हालांकि किसान की हालत स्थिर है।

**विधायक व्यास कश्यप बोले- हजारों किसान परेशान**

जांजगीर के कांग्रेस विधायक व्यास कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की धान खरीदी नीति में ऐसा कोई स्पष्ट लिखित आदेश नहीं है, फिर भी जिले में किसानों के लिए खास तौर पर कठोर फैसले लिए जा रहे हैं। इसकी वजह से आज हजारों किसान परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि कई किसानों के टोकन कट चुके हैं, तो कई ऐसे किसान हैं जिनके टोकन अब तक नहीं कट पाए हैं। इसी मजबूरी का नतीजा है कि ग्राम कसौंदी का एक किसान हाई टेंशन टावर पर चढ़कर विरोध कर रहा है।

किसान का कहना है कि जब तक सरकार उसका धान नहीं खरीदेगी, तब तक वह नीचे नहीं उतरेगा। किसान के पास 150 कट्टी से ज्यादा धान बचा हुआ है और उस पर करीब डेढ़ लाख रुपये का कर्ज भी है।

**किसान के हित में फैसले लेने की मांग**

विधायक ने जिले के किसानों के हित में तुरंत फैसला लेने की मांग की। विधायक ने कहा कि कलेक्टर महोदय को मौखिक नहीं, बल्कि लिखित आदेश जारी करने चाहिए, क्योंकि केवल मौखिक फैसले किसानों के हित में नहीं हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि वे लगातार पंजीकृत किसानों की सही जानकारी लेने की मांग कर रहे हैं। अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आगे भी ऐसी घटनाएं होती रहेंगी।

किसान अनिल गढ़वाल को नीचे उतारने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पर सार्वजनिक जगहों में हंगामा करने, आत्महत्या का प्रयास करने जैसे कई धाराएं लगाई है। पुलिस के मुताबिक वह नशे में था।

पूछताछ में आरोपी ने धान बिक्री नहीं होने और टोकन नहीं मिलने से परेशान होकर आत्महत्या की धमकी देकर दबाव बनाने की बात स्वीकार की। उसके खिलाफ धारा 224,226,296,308 (4) तहत मामला दर्ज किया गया है।

## शोल्डर की मरम्मत में लापरवाही मिट्टी डालकर की खानापूर्ति, हादसे का खतरा

**जांजगीर।** जिला जांजगीर में सड़क सुरक्षा माह मनाया गया। बड़े हादसों पर रोक लगाने उद्देश्य से लक्ष्य रखा गया था कि जिले की सड़कों के किनारे बने शोल्डरों को दुरुस्त किया जाएगा। इसी क्रम में शोल्डरों की मरम्मत कराने के निर्देश भी जारी किए गए।

इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 49 पर बनारी के पास शोल्डर की मरम्मत शुरू हुई, लेकिन यहां केवल मिट्टी डालकर औपचारिकता पूरी कर दी गई। शोल्डर की सही तरीके से फिलिंग नहीं होने के कारण गाड़ियों के फिसलने अथवा सड़क से नीचे उतरने का खतरा और बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधूरी मरम्मत से दुर्घटनाएं रोकने के बजाय जोखिम और बढ़ गया है।

## नवोदय विद्यालय का प्रवेश पत्र जारी हुआ

**जांजगीर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 7 फरवरी को आयोजित होने वाली लेटरल एंट्री परीक्षा-2026 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। प्राचार्य ने बताया कि परीक्षार्थी निम्नांकित वेबसाइटों से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। कक्षा 9वीं के लिए https:// cbseitms.nic.in /w®wz/nvsi&_~/ AdminCard/ Admitw{Card> और कक्षा 11वीं के लिए से डाउनलोड करना होगा।

## स्कूल-कॉलेज के पास तंबाकू उत्पादों की नहीं होगी बिक्री

**रायगढ़।** जिले में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने संयुक्त समीक्षा बैठक की। कलेक्ट्रेट में आयोजित इस बैठक में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को कई सख्त निर्देश दिए गए।



बैठक में निर्देश दिया गया कि, स्कूलों और महाविद्यालयों के 100 गज के दायरे में किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इस नियम का कड़ाई से पालन कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसकी समयसीमा 31 मार्च तय की गई है।

**अफवाहों और सोशल मीडिया पर निगरानी**

कलेक्टर ने कहा कि, जिले में शांति व्यवस्था प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर तत्काल कार्रवाई करने और लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए।

सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों पर कार्रवाई

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर निगरानी बढ़ाने और मेडिकल दुकानों में बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाइयां बेचने पर रोक लगाने को कहा।

**सड़क हादसे रोकने के लिए '3E फॉर्मूला'**

एसएसपी ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एजुकेशन, इंजीनियरिंग और एनफोर्समेंट इन तीनों पहलुओं पर एक साथ काम करने की बात कही। शहरी और ग्रामीण सड़कों का निरीक्षण कर ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने और वहां सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए गए।

**नशे में ड्राइविंग पर सख्त कार्रवाई**

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर विशेष अभियान चलाने को कहा गया। दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लागू कराने पर जोर दिया गया।

**समय पर सूचना से टल सकती हैं बड़ी घटनाएं**

एसएसपी ने अधिकारियों से कहा कि सटीक और समय पर मिलने वाली सूचना से बड़ी घटनाओं को रोका जा सकता है। सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार और थाना प्रभारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए।

**आवारा मवेशी और हिट-एंड-रन मामलों पर चर्चा**

बैठक में आवारा मवेशियों की वजह से हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कम करने, हिट-एंड-रन मामलों की रोकथाम और अन्य कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## अनमोल वचन......

जीवन खोज की प्रक्रिया नहीं, बल्कि सृजन की प्रक्रिया है।

# केंद्र के अनुरोध

सुप्रीम कोर्ट के जज न्यायमूर्ति उज्जल भूइंया ने यह सटीक प्रश्न उठाया है कि किसी जज का एक से दूसरे हाई कोर्ट में सिर्फ इसलिए क्यों तबादला होना चाहिए कि उसने सरकार के लिए कोई 'असुविधाजनक निर्णय' दिया हो। जब संभल के चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर का विवादित तबादला चर्चा में है, सुप्रीम कोर्ट ने जज उज्जल भूइंया ने उच्चतर न्यायपालिका के जजों के तबादले के पीछे की राजनीतिक कहानी पर से परदा हटा कर काफी कुछ उजाले में ला दिया है। न्यायमूर्ति भूइंया ने पूछा कि किसी जज का एक से दूसरे हाई कोर्ट में सिर्फ इसलिए क्यों तबादला होना चाहिए कि उसने सरकार के लिए कोई 'असुविधाजनक निर्णय' दिया हो। हालांकि न्यायमूर्ति ने कोई नाम नहीं लिया, लेकिन अनुमान लगाया गया है कि उनका इशारा बीते अक्टूबर में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के जज अतुल श्रीधरन के तबादले की ओर था।

जस्टिस श्रीधरन ने कर्नल सोफिया कुरैशी मामले में मध्य प्रदेश के एक मंत्री के बयान का संज्ञान लिया था। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने पहले उनका तबादला छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट किया, लेकिन तुरंत ये फैसला बदल कर उन्हें इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया गया। अब साफ है कि ऐसा केंद्र के अनुरोध पर किया गया। आम चर्चा है कि इस रूप में सरकार कॉलेजियम के तबादला संबंधी कई फैसलों के प्रभावित कर चुकी है। और जब उच्चतर न्यायपालिका में ये हाल हो, तो निचली अदालतों के बारे में सहज अनुमान लगाया जा सकता है। सीजेएम सुधीर ने संभल की हिंसा के मामले में पुलिस अधिकारी पर मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। उसके कुछ ही दिन बाद उनका तबादला हो गया। जस्टिस भूइयां ने उचित चेतावनी दी है कि ऐसी घटनाएं भारतीय न्यायपालिका की साख पर बट्टा लगा रही हैं। उन्होंने कहा- 'अगर हमने अपनी साख खो दी, तो न्यायपालिका में कुछ नहीं बचेगा। जज रहेंगे, अदालतें भी रहेंगी, मुकदमों पर फैसले भी होंगे, लेकिन दिल और आत्मा का लोप हो जाएगा।' तमाम जजों को न्यायमूर्ति भूइयां की इन बातों पर भी गौर करना चाहिए कि न्यायापालिका के पास ना तो धन होता है, ना तलवार। उसमें लोगों का भरोसा ही उसकी कुल जमा-पूंजी है। बड़े परिदृश्य में देखें, तो मुद्दा सिर्फ न्यायपालिका नहीं है। सबको इसका ख्याल रखना चाहिए कि इसकी साख चूकने का अर्थ पूरी शासन व्यवस्था के औचित्य को संदिग्ध कर देगा।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए पॉजिटिव रहेगा। आज आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके अंदर अध्यात्म के प्रति लगाव उत्पन होगा। आप अपने ज्ञान और कार्य कौशल पर अधिक काम कर पायेंगे। आपके व्यापार में ग्रोथ होने की संभावना बढ़ेगी। आप किसी भी नई जिम्मेदारी को बेहतरीन तरीके से निभाएंगे। किन्हीं कारणों से खर्च बढ़ेगा।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आप परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपको कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे। अपने आपको साबित करने का मौका मिलेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे जातक अच्छी सफलता पायेंगे। आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी रहेगी। पैसे संबंधी मामलों में किसी अन्य पर विश्वास करने से बचें।

**मिथुन राशि :** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपकी रचनात्मक समझ बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन में आप सक्रिय नजर आएंगे। मांगलिक कार्यों में खर्च होने के योग हैं। आपको आपके व्यवसाय में बड़े सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। जिससे आपको अच्छे धन लाभ की संभावना बढ़ेगी। इस दौरान डील करने से पहले अच्छे से विचार कर लें। दोस्तों या परिवार के साथ किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। कारोबार के सिलसिले में की गई यात्रा लाभदायक सिद्ध होगी। आप फाइनेंस से जुड़े बड़े निर्णय ले सकते हैं। सौन्दर्य प्रसाधन का कारोबार करने वाले लोगों को बड़ा आर्डर मिलेगा। आप कार्य क्षेत्र और घर के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करेंगे। आज आप अपने जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने जायेंगे।

**सिंह राशि :** आज आप फिट और उत्साहित महसूस करेंगे। कुछ बड़े आर्डर मिलने से आपका व्यापार बढ़ेगा। आपके इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आपको शुभ समाचार मिलने के योग हैं। सरकारी जॉब मिलने की संभावना है। आपको आपके सीनियर्स का साथ मिलेगा। आपके कार्यों की सराहना होगी। आपके कलीग्स कुछ समस्याएं खड़ी कर सकते हैं।

**कन्या राशि :** आज आपको बेहतर अवसर मिलेंगे। आपको नौकरी में अच्छे अवसर के साथ बदलाव के योग हैं। व्यापारियों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। प्रतियोगिता परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए दिन अच्छा है। आपको किसी मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब के लिए ऑफर मिल सकता है। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

**तुला राशि :** आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आ रही चुनौतियों में कमी आएगी पारिवारिक माहौल खुशहाल रहेगा। आज आपको आपकी काबिलियत से उत्तम फल की प्राप्ति होगी। नौकरी में बदलाव के योग हैं। आपका आत्मविश्वाश बढ़ेगा। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। एक से अधिक स्रोतों से धन लाभ की संभावना है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में प्रगाढ़ता आएगी, आपसी तालमेल बना रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन खास रहेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। इस दौरान आमदनी के साथ खर्चे भी बढ़ेंगे। संतान की ओर से खुशखबरी मिल सकती है। यह संतान के विवाह संबंधी भी हो सकती है। व्यापारियों के लिए दिन सामान्य रहेगा। आज आप ऑफिस में होने वाली राजनीति से दूर रहे। धन से जुड़े मामलों में आज जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

**धनु राशि :** आपके लिए आज का दिन शुभ रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको खास उपलब्धि मिलेगी। आपके सोचने समझने की क्षमता बढ़ेगी। इस दौरान आपको आलस से बचना होगा। साझेदारी में काम कर रहे व्यापारियों के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आज आपका उत्साह बढ़ेगा। किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले मित्रों की सलाह लेंगे। इससे आपको फायदा होगा।

**मकर राशि :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के सहयोग से अपने काम को बेहतर तरीके से पूरा करेंगे। आज घर में बेटी की तरक्की से परिवार का माहौल ख़ुशी से भरा रहेगा। फार्मिंग का कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। सामाजिक व राजनीतिक कामों में आपका मन लगेगा।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके दाम्पत्य रिश्ते में सुधार आएगा। जीवनसाथी के लिए पसंदीदा उपहार खरीदेंगे। आज आप कहीं बाहर घूमने जा सकते है जहाँ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज आपके अन्दर कॉन्फिडेंस बढ़ेगा।

**मीन राशि :** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज धन लाभ के साथ-साथ खर्चे भी बढ़ेंगे। आज ऑफिस में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। आप संयम के साथ परेशानी से बाहर निकल पाएंगे। आपको अचानक धन लाभ होने के योग हैं। आज आप अपने पारिवारिक जीवन में आनंद महसूस करेंगे। इस दौरान आप अपने को शांत रखने की कोशिश करेंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बढ़िया है। नई तरक्की मिलने के चांसेज हैं। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आज आपको स्वास्थ्य का ख्याल रखने की जरूरत है।

# महाराष्ट्र की नगरपालिकाओं के चुनाव में कुछ भी नया नहीं

//अजीत द्विवेदी//

**यह सवाल हो सकता है कि महाराष्ट्र की नगरपालिकाओं के चुनाव में ऐसा क्या है, जिसका राष्ट्रीय राजनीति के नजरिए से विश्लेषण होना चाहिए। आखिर पिछले दिनों पंजाब में स्थानीय निकाय चुनाव हुए तो सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने क्लीन स्वीप किया तो तेलंगाना में भी स्थानीय निकाय चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी ने सफलता का परचम लहराया है। हाल के दिनों में केरल एकमात्र अपवाद है, जहां स्थानीय निकाय चुनाव में सत्तारूढ़ लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट बुरी तरह से हारा और कांग्रेस ने बड़ी जीत दर्ज की।**

हालांकि उसके भी कारण स्पष्ट हैं। एलडीएफ की 10 साल की सत्ता के खिलाफ नाराजगी लोकसभा चुनाव में भी प्रकट हुई और स्थानीय निकाय चुनाव में भी प्रकट हुई। इस अपवाद के बावजूद यह एक सामान्य निष्कर्ष है कि स्थानीय निकाय चुनावों में वही जीतता है, जिसकी राज्य में सरकार होती है। शायद ही कभी इसका अपवाद होता है।

इस निष्कर्ष या स्थापित राजनीतिक सिद्धांत के आधार पर देखें तो महाराष्ट्र की नगरपालिकाओं के चुनाव में कुछ भी नया नहीं है। ध्यान रहे इससे पहले आखिरी बार 2017 में महाराष्ट्र में नगर निकायों के चुनाव हुए थे और तब भी मोटे तौर पर नतीजे ऐसे ही आए थे। इसके बावजूद इस बार के चुनावों का कुछ खास संदेश है और उनका विश्लेषण होना चाहिए। इससे पहले मुंबई नगरपालिका यानी बीएमसी और अन्य शहरी निकायों के चुनाव जैसी सामान्य परिस्थितियों में होते थे इस बार वैसा नहीं था। पिछले चुनाव के बाद करीब नौ साल में महाराष्ट्र की राजनीति बहुत बदल गई है।

बीएमसी पर करीब पांच दशक तक कंट्रोल रखने वाला ठाकरे परिवार कमजोर हुआ है। शिव सेना का दो हिस्सों में विभाजन हो गया है। महाराष्ट्र की समकालीन राजनीति के सबसे बड़े नेता शरद पवार की बनाई पार्टी एनसीपी दो हिस्सों में बंट गई है। उनके भतीजे अजित पवार असली एनसीपी के मालिक हैं। इस बार का चुनाव दोनों बड़ी प्रादेशिक पार्टियों के विभाजन के बाद का पहला चुनाव था और भारतीय जनता पार्टी के महाराष्ट्र की राजनीति की केंद्रीय ताकत बनने के बाद का भी पहला चुनाव था।

इस चुनाव की एक खास बात यह भी थी कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व यानी नरेंद्र मोदी और अमित शाह की छाया से मुक्त होकर पहली बार स्वतंत्र रूप से अपने नेतृत्व के दम पर चुनाव लड़े। याद करें कैसे हैदराबाद नगर निगम के चुनाव में प्रचार करने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गए थे। इस बार मोदी, शाह और योगी या भाजपा का राष्ट्रीय स्तर का कोई भी नेता प्रचार के लिए नहीं गया। अकेले देवेंद्र फड़नवीस ने पूरे राज्य में प्रचार किया। वे मुंबई, ठाणे, पुणे की गलियों में घूमे। जहां गाड़ी पहुंचने का साधन नहीं था वहां वे मोटरसाइकिल से गए। सो, इस बार के चुनाव की कामयाबी 'देवा भाऊ' के रूप में देवेंद्र फड़नवीस की जगह को और मजबूत करने वाला था। विधानसभा चुनाव की जीत के बाद उनको साबित करना था कि वे महाराष्ट्र की राजनीति के चाणक्य और चंद्रगुप्त दोनों हैं। उन्होंने यह साबित किया और निश्चित रूप से इसका असर आने वाले समय में भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति पर भी पड़ेगा।

पिछले दो साल में शरद पवार और उद्धव ठाकरे के लिए चुनावी मुकाबला एक-एक की बराबरी पर छूटा था। 2024 के मई में लोकसभा चुनाव में भाजपा विरोधी महाविकास अघाड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया था। राज्य की 48 में से 31 सीटों पर अघाड़ी की जीत हुई थी। कांग्रेस ने 13 सीटें जीतीं तो उद्धव ठाकरे की शिव सेना ने नौ और शरद पवार की एनसीपी ने आठ सीटें जीतीं। भाजपा और उसकी दोनों सहयोगी पार्टियां 17 सीटों पर सिमट गईं, जबकि चुनाव से पहले उनके पास 44 सीटें थीं। उन्होंने 27 सीट गंवाईं। लेकिन उसी साल हुए विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी साफ हो गया और भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने 288 में से 230 सीटें जीत लीं। अकेले भाजपा को 132 सीटें मिलीं। एकनाथ शिंदे की पार्टी ने 51 और अजित पवार की पार्टी ने 47 सीटें जीतीं। पूरा महाविकास अघाड़ी 46 सीटों पर सिमट गया। सो, एक-एक की बराबरी के बाद नगरपालिका का चुनाव निर्णायक था। इसमें महायुति ने विधानसभा चुनाव से बेहतर प्रदर्शन किया। 29 में से 25 महानगरपालिकाओं में महायुति के मेयर बनेंगे। इससे पहले ग्रामीण निकायों के चुनाव में भी महायुति ने बहुत बड़ी जीत हासिल की थी।

सो, अब महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी यानी भाजपा विरोधी पार्टियों के गठबंधन को अपने भविष्य को लेकर नए सिरे से विचार करने की जरुरत है। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि एक एक करके ऐसे राज्यों में भाजपा अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है, जो पारंपरिक रूप से उसके मजबूत आधार वाले राज्य नहीं रहे हैं। महाराष्ट्र ऐसे ही राज्यों में से है। वहां 2014 तक लगातार 15 साल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार थी और हारने के बाद भी कांग्रेस 30 फीसदी वोट कमांड करती थी। बहुत समय नहीं बीता, जब भाजपा वहां शिव सेना के सहारे राजनीति करती थी।

शिव सेना बड़े भाई की भूमिका में होती थी। लेकिन वहां भाजपा ने शिव सेना को तोड़ा और फिर शरद पवार की एनसीपी को तोड़ा और अब अकेले दम पर बाकी सभी पार्टियों की कुल जमा हैसियत के बराबर पहुंच गई है। महाराष्ट्र उसके लिए गुजरात, मध्य प्रदेश जैसा राज्य बन रहा है। बिहार भी ऐसा ही राज्य है और ओडिशा भी। भाजपा पांचवें और छठे दशक वाली कांग्रेस की तरह पूरे देश की सबसे बड़ी पार्टी बनती जा रही है और उसे रोकना कांग्रेस या प्रादेशिक क्षत्रपों के वश की बात नहीं रह गई दिखती है।

जैसे जैसे यह धारणा बन रही है कि कांग्रेस या दूसरी प्रादेशिक पार्टियां भाजपा को नहीं रोक पा रही हैं और इस असफलता से घबरा से कांग्रेस के नेता भाजपा में जा रहे हैं या प्रादेशिक पार्टियां सीधे भाजपा से हाथ मिला ले रही हैं वैसे वैसे देश के मुस्लिम मतदाता नए विकल्प की तलाश तेज करते जा रहे हैं। महाराष्ट्र की नगरपालिकाओं के चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया एमआईएम को मिली कामयाबी इसका संकेत है। छत्रपति संभाजीनगर में वह दूसरे नंबर की पार्टी बनी है तो मालेगांव में पहले नंबर की पार्टी बनी है। नांदेड़ और मुंबई में भी उसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। मुस्लिम बहुल इलाकों में बिना किसी हिचक के मुस्लिम मतदाताओं ने ओवैसी की पार्टी का समर्थन किया। यह परिघटना बिहार विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिली थी। यह वैचारिक स्तर पर भी कांग्रेस और दूसरी भाजपा विरोधी पार्टियों की विफलता को रेखांकित करता है। इसका बहुत बड़ा असर आने वाले दिनों में देश की राजनीति पर पड़ेगा।

महाराष्ट्र की नगरपालिकाओं के चुनाव नतीजों का बहुत साफ संदेश ठाकरे परिवार के लिए है तो पवार परिवार के लिए भी है। दोनों तेजी से अपनी प्रासंगिकता गंवा रहे हैं। मुंबई छोड़ कर बाकी उन सभी हिस्सों से उद्धव ठाकरे की पार्टी साफ हो गई, जहां पारंपरिक रूप से शिव सेना का असर था। ठाणे और कल्याण डोंबिवली का इलाका एकनाथ शिंदे ले गए तो कोंकण का इलाका नारायण राणे के साथ चला गया। पवार परिवार ने तो पश्चिमी महाराष्ट्र और मराठावाड़ा दोनों इलाकों में अपना आधार गंवा दिया। पुणे, पिंपरी चिंचवाड़ और परभणी में शरद और अजित पवार की पार्टी मिल कर लड़े थे फिर भी कोई असर नहीं हुआ। उनकी पार्टी बुरी तरह से हारी।

# सिर्फ समझौता नहीं, हमारे भविष्य का रोडमैप है भारत-यूरोपीय संघ एफटीए

//पीयूष गोयल//

**भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। इसके साथ ही लगभग 2 अरब की उस आबादी के लिए धन पैदा होगा जो मिल कर वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक-चौथाई भाग है। विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझीदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।**

यह एफटीए नियम आधारित व्यापार और आर्थिक नीतियों में स्थिरता सुनिश्चित करता है जिससे भारत स्वदेशी और विदेशी निवेश के लिए और ज्यादा आकर्षक बनेगा। यह छोटे व्यवसायियों, स्टार्टअप संस्थाओं और कामगारों के लिए अनेक अवसर पैदा करेगा।

विश्व ने प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा की सराहना करते हुए इस एफटीए को सभी समझौतों से बड़ा बताया है। यह वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में स्थिरता को मजबूत करता है। यह भारत और यूरोपीय संघ को मुक्त बाजार, पूर्वानुमान क्षमता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध भरोसेमंद साझीदारों के रूप में स्थापित करता है।

भारत ने व्यापार मूल्य के हिसाब से यूरोपीय संघ में अपने 99 प्रतिशत से ज्यादा निर्यात के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच प्राप्त की है जिससे 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को बल मिलेगा। इस एफटीए से कपड़ा, रेडीमेड वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरी सामान और ऑटोमोबाइल जैसे श्रमसाध्य क्षेत्रों को निर्णायक मजबूती मिलेगी।

इस समझौते से लगभग 33 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर 10 प्रतिशत तक टैरिफ खत्म होगा। इससे कामगारों, हस्तशिल्पियों, महिलाओं, युवाओं तथा सूक्ष्म, छोटे और मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) का सशक्तीकरण होगा। वैश्विक मूल्य श्रृंखला से भारतीय व्यवसाय ज्यादा गहराई से जुड़ेंगे और वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका मजबूत होगी।

यह समझौता व्यवसायियों और पेशेवर तबके के लिए दूसरे देशों में जाने को आसान बनाते हुए शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं और कंप्यूटर जैसे सेवा क्षेत्रों में अवसरों के नए द्वार खोलता है। इन प्रतिबद्धताओं से उच्च मूल्य वाले रोजगार के अवसरों के खुलने के साथ ही प्रतिभा, नवोन्मेष और संवहनीय आर्थिक विकास के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होती है।

व्यापार समझौते गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की मोदी सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। इस रणनीति में क्रांतिकारी सुधारों और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन के जरिए अर्थव्यवस्था को मजबूत करना तथा सभी पक्षों के लिए लाभकारी समझौते के उद्देश्य से विकसित और पूरक अर्थव्यवस्थाओं के साथ बातचीत शामिल है। यह रणनीति भारत को अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करने और उन लाभकारी बाजारों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाती है जो कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा करते हुए श्रमसाध्य क्षेत्रों में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं।

विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते भारतीय उद्योगों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करते हैं और उपभोक्ताओं को विश्व स्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। यूपीए सरकार ने बिना सोचे-समझे भारत के बाज़ार खोल दिए थे, इसके उलट मोदी सरकार ने ऐसे समझौते किए हैं जिनमें टैरिफ में कमी धीरे-धीरे की जाती है। जिससे उद्योगों को उचित नीतिगत समर्थन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण का केंद्र है। पिछले सप्ताह इसी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा थाः आइए, इस साल हम अपने पूरे सामर्थ्य के साथ गुणवत्ता को प्राथमिकता दें। हमारा एकमात्र मंत्र गुणवत्ता, गुणवत्ता और केवल गुणवत्ता होना चाहिए। कल की तुलना में आज और बेहतर गुणवत्ता। हम जो कुछ भी बनाते हैं, उसकी गुणवत्ता में सुधार करने का संकल्प लें।

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के पूरी तरह अनुरूप है। यह भारत को वैश्विक मंच पर एक गतिशील, विश्वसनीय और दूरदर्शी भागीदार के रूप में स्थापित करता है, जो दोनों क्षेत्रों के लिए समावेशी, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार विकास की नींव रखता है। मोदी सरकार ने सिर्फ़ विकसित देशों के साथ ही व्यापार समझौते किए हैं, जो कपड़ा, जूते, रत्न और आभूषण, और हस्तशिल्प जैसे भारत के प्रमुख रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्रों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। यह यूपीए शासन से बिल्कुल उल्टा है उन्होंने प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ समझौतों में जल्दबाजी की और अक्सर भारत को मिलने वाले लाभ की तुलना में कहीं अधिक रियायतें दीं।

इसके अलावा, इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि यूपीए सरकार ने व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करने से पहले हितधारकों के साथ कोई सार्थक बातचीत की थी। इसके विपरीत, मोदी सरकार ने अर्थशास्त्रियों, औद्योगिक निकायों, विशेषज्ञों और कई सरकारी विभागों एवं मंत्रालयों के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। परिणामस्वरूप, मोदी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक व्यापार समझौते को उद्योगों से व्यापक सराहना मिली है। मोदी सरकार द्वारा संपन्न प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते ने दोनों पक्षों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं और भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार किया है। इन समझौतों ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनने की दिशा में उसकी यात्रा को तेज़ किया है।

यूपीए के कार्यकाल के दौरान, यूरोपीय संघ सहित विकसित देशों की भारत में रुचि कम हो गई थी, क्योंकि आर्थिक विकास धीमा हो गया था, मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर बनी हुई थी और व्यापार का माहौल निराशाजनक था। तब भारत ने ऐसे लाभप्रद व्यापार समझौतों के मूल्यवान अवसर गंवा दिए, जो विकास को गति दे सकते थे और रोजगार पैदा कर सकते थे।

मोदी सरकार द्वारा संपन्न अन्य व्यापार समझौतों के साथ, भारत-ईयू एफटीए, ढुलमुल और निर्णायक नेतृत्व के बीच के अंतर को रेखांकित करता है। जहाँ पहले की सरकारें हिचकिचाती थीं और घुटने टेकती थीं वहीं मोदी सरकार ने बदलाव लाने वाला एक ऐसा समझौता किया है जो बाजारों का विस्तार करने के साथ साथ रोजगार पैदा करता है और भारत के मुख्य हितों की रक्षा करता है। यह इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे मजबूत नेतृत्व और रणनीतिक स्पष्टता नए अवसरों के दरवाजे खोल सकती है, जो देश को समृद्धि के रास्ते पर ले जा सकते हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



इम्फाल, मणिपुर में कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी द्वारा आयोजित सेव मणिपुर रैली में लोगों ने हिस्सा लिया, ताकि यह साफ किया जा सके कि राज्य की क्षेत्रीय और प्रशासनिक अखंडता को किसी भी कीमत पर बांटा नहीं जा सकता।



नवी मुंबई में एक पुरानी इमारत को गिराने के लिए एक्सकेवेटर का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसे लोग देख रहे हैं।



उत्तराखंड के चमोली जिले में, ताज़ी बर्फबारी के बाद बर्फ से ढका बद्रीनाथ मंदिर।



भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पणजी के पास तलेगाँव में एक मीटिंग के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में अपने नॉर्थ ब्लॉक ऑफिस में केंद्रीय बजट 2026-27 पेश करने से एक दिन पहले एक तस्वीर खिंचवाई।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में अमृत उद्यान का एक दृश्य।

# साध्वी प्रेम बाइसा की मौत मामले में एसआईटी गठित, लोगों से पूछताछ जारी



**जोधपुर, 01 फरवरी [एजेंसी]।**

जोधपुर में कथावाचक साध्वी प्रेम बाइसा की मौत की जांच के लिए पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश पासवान ने एसीपी छवि शर्मा के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। एसआईटी में साइबर एक्सपर्ट, महिला कांस्टेबल, दो थानेदार समेत कुल 9 लोग हैं। सूत्रों के अनुसार, साध्वी प्रेम बाइसा की मौत के पीछे की वजह जहर हो सकती है। ऐसे में विसरा को जांच के लिए भेज गया है। पाल रोड पर स्थित साधना कुटीर आश्रम के पास से पुलिस को अस्थालिन नाम की दवा के कुछ रैपर मिले हैं। इन दवाओं के मिलने के बाद अब कई अहम सवाल खड़े हो रहे हैं। एसीपी छवि शर्मा के अनुसार, साध्वी के पिता वीरम नाथ द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर तकनीकि विशेषज्ञ नए तथ्यों पर जांच कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, कंपाउंडर देवी सिंह द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने के बाद साध्वी की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जो एक सामान्य प्रक्रिया नहीं थी। उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी मृत्यु की पुष्टि की। पिता का कहना है कि इंजेक्शन लगाने में कहीं न कहीं लापरवाही बरती गई। छवि शर्मा ने बताया कि एसआईटी साध्वी प्रेम बाईसा के मोबाइल काल रिकार्ड, आश्रम के सीसीटीवी फुटेज और अन्य डिजिटल इनपुट सहित तकनीकी साक्ष्यों की जांच कर रही है। कंपाउंडर देवी सिंह को इंजेक्शन के संबंध में हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या इंजेक्शन चिकित्सकीय सलाह पर दिया गया था और क्या इंजेक्शन की वजह से उनकी मौत हुई।वहीं, सूत्रों के अनुसार, पोस्टमार्टम के दौरान साध्वी प्रेम बाइसा के आंतों का रंग लाल हो गया था जो जहर का संकेत है। पुलिस अभी भी आधिकारिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

## दिल्ली में मधुमेह बना जानलेवा संकट, बच्चों से बुजुर्गों तक में बढ़ रहा खतरा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मधुमेह अब एक गंभीर और तेजी से बढ़ता सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बनता जा रहा है। दिल्ली सरकार की 'मृत्यु के कारण का चिकित्सा प्रमाणन' (एमसीसीडी) रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में मधुमेह से मौत के मामलों में करीब 35 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। रिपोर्ट का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि 14 वर्ष या उससे कम आयु वर्ग में दर्ज मौतों की संख्या 15 से 24 वर्ष आयु वर्ग से अधिक पाई गई । 2024 में मधुमेह के कारण 2,459 लोगों की मौत हुई, जबकि वर्ष 2023 में यह संख्या 1,823 थी।दिल्ली सरकार के आंकड़े बताते हैं कि अस्पतालों में मधुमेह से जुड़ी मौतों में भी बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2024 में अस्पतालों में मधुमेह से संबंधित 1,703 मौतें हुई, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 1,159 था। यानी एक ही साल में 544 अधिक मौतें हुई।रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2005 से 2024 के बीच दिल्ली में मधुमेह के कारण कुल 42,716 मौत हुई। इनमें 33,640 पुरुष और 19,076 महिलाएं शामिल थीं।

## रक्षा क्षेत्र में बड़ी छलांग... हाइपरसोनिक तकनीक की ओर बढ़े ब्रह्मोस के कदम, तकनीक के आधुनिकीकरण पर जोर

**मॉस्को।** रूसी संयुक्त उद्यम के शीर्ष अधिकारी अलेक्जेंडर लियोनोव ने बताया कि ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों का उन्नयन और आधुनिकीकरण एक सतत परियोजना है, जिसका उद्देश्य हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकियों की ओर अग्रसर होना है। उन्होंने कहा, ब्रह्मोस परियोजना के तहत छोटे आकार की मिसाइलों और हाइपरसोनिक तकनीकों पर भी काम चल रहा है। उन्नत मार्गदर्शन और नियंत्रण प्रणालियों से लैस ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है जिसे पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या जमीन से लांच किया जा सकता है। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल परियोजना को भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की परिकल्पना माना जाता है, जिन्होंने इसका नाम ब्रह्मपुत्र और मोस्कवा नदियों के नाम पर रखा था। ब्रह्मोस परियोजना के तहत काम 1998 में शुरू हुआ और इसकी डिलीवरी 2004 से शुरू हुई। मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसने दुश्मन के महत्वपूर्ण ठिकानों पर सटीक हमले किए।

## मनोज तिवारी, गोविंदा, शक्ति कपूर समेत नौ पर जमशेदपुर में धोखाधड़ी का केस




**जमशेदपुर।** गाजियाबाद की कंपनी मैक्सीजोन टच इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के 3000 करोड़ रुपये के घोटाले को लेकर जमशेदपुर के साकची थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।फिल्म अभिनेता गोविंदा, शक्ति कपूर, चंकी पांडेय, रजा मुराद, गायक मनोज तिवारी, कंपनी के निदेशक चंद्रभूषण सिंह, उनकी पत्नी प्रियंका सिंह तथा परसुडीह निवासी सूर्य नारायण पात्रो के विरुद्ध धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज हुई है।यह प्राथमिकी बर्माइंस ईस्ट प्लांट बस्ती निवासी जसपाल सिंह और टेल्को कालोनी निवासी कुलदीप सिंह की शिकायत पर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उन्होंने अधिक ब्याज के लालच में कंपनी में करीब आठ लाख रुपये का निवेश किया था। कंपनी जमशेदपुर कार्यालय बंद कर फरार हो गई। कार्यालय साकची थाना क्षेत्र काशीडीह में थी। इससे पूर्व वर्ष 2022 में भी उक्त कंपनी तथा इससे जुड़े कलाकारों और अधिकारियों के विरुद्ध साकची थाना में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। कंपनी के खिलाफ जमशेदपुर के साकची थाना में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। कंपनी के निदेशक चंद्रभूषण सिंह और उनकी पत्नी प्रियंका सिंह वर्तमान में रांची जेल में बंद हैं। दोनों को पुलिस ने धनबाद से गिरफ्तार किया था।निदेशक दंपति बिहार के वैशाली जिले के निवासी हैं। मामले की ईडी भी जांच कर रही है। दोनों आरोपित पहले जमशेदपुर की जेल में थे। शिकायत के अनुसार, कंपनी ने प्रति निवेशक न्यूनतम एक लाख रुपये निवेश पर 15 प्रतिशत मासिक ब्याज देने का प्रलोभन दिया था। निवेशकों का विश्वास जीतने के लिए कंपनी अपने कार्यक्रमों में नामी फिल्म कलाकारों को आमंत्रित करती थी।बताया गया कि केवल जमशेदपुर शहर से 10 हजार से अधिक निवेशकों ने कंपनी में 150 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया, जबकि पूरे झारखंड में निवेश की राशि करीब 600 करोड़ रुपये बताई जा रही है। हालांकि जनवरी 2022 के बाद कंपनी ने निवेशकों को ब्याज का भुगतान बंद कर दिया।धोखाधड़ी का यह मामला सितंबर 2021 से फरवरी 2022 के बीच का बताया जा रहा है। साकची थाना प्रभारी आसंद मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच हो रही है। न्यायालय में दर्ज परिवाद पर प्राथमिकी दर्ज हुई है।

## रियल एस्टेट कारोबारी की आत्महत्या की जांच के लिए एसआईटी का गठन, परिवार ने एजेंसी पर लगाए आरोप



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के रियल एस्टेट कारोबारी सीजे राय की मौत की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। कॉन्फिडेंट ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन सीजे राय ने आयकर विभाग की छापेमारी और पूछताछ के बाद शुक्रवार दोपहर कथित तौर पर बेंगलुरु स्थित अपने कार्यालय में खुद को गोली मार ली थी। उनके परिवार का आरोप है कि आयकर विभाग ने उन पर दबाव डाला था।आत्महत्या का असर पड़ोसी राज्य केरल में भी देखने को मिल रहा है। केरल में सत्ताधारी और विपक्षी, दोनों दलों ने राय की आत्महत्या की व्यापक जांच की मांग की है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर द्वारा आत्महत्या के कारणों की जांच करने का निर्देश देने के कुछ ही घंटों बाद बेंगलुरु पुलिस ने एसआईटी के गठन की घोषणा कर दी। सीजे राय मूल रूप से केरल के रहने वाले थे और बेंगलुरु से अपना काम करते थे। वह स्लोवाक गणराज्य के मानद वकील भी थे। एसआईटी का नेतृत्व पश्चिमी जोन के संयुक्त पुलिस आयुक्त सी वामशी कृष्णा करेंगे। मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जाएगी और संबंधित जानकारी आने वाले दिनों में जनता को दी जाएगी।परमेश्वर ने कहा कि हम जांच के निष्कर्षों का इंतजार करेंगे। अभी मैं कुछ नहीं कह सकता, जब तक कि हमें यह पता न चल जाए कि किन कारणों से उन्होंने ऐसा कदम उठाया।आयकर विभाग ने राय की कंपनी की तलाशी ली थी। पिछले साल दिसंबर में उनकी कंपनी पर छापा मारा गया था। नियम है कि 60 दिनों के भीतर अदालत में आरोप पत्र दाखिल करना होता है। उन्हें चार फरवरी से पहले इसे अंतिम रूप देना था। इसलिए उन्हें तलब किया गया था। केरल में सत्तारूढ़ माकपा और विपक्षी गठबंधन यूडीएफ ने मामले की व्यापक जांच की मांग करते हुए कहा कि इसके पीछे के तथ्यों को उजागर किया जाना चाहिए।

# अमृत उद्यान में प्रवेश के लिए अब ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य, क्या है नया नियम

**नईदिल्ली, 01 फरवरी [एजेंसी]।**



राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान के द्वार सोमवार से आम पर्यटकों के लिए खुल जाएंगे। प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक विरासत को समेटे इस उद्यान में इस बार पर्यटकों का स्वागत फूलों की नई प्रजातियों के साथ किया जाएगा।इस बार राष्ट्रपति उद्यान प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था को देखते हुए पर्यटकों के प्रवेश नियम में बड़ा बदलाव किया है। इस साल पर्यटकों को राष्ट्रपति भवन के गेट पर आन द स्पाट पंजीकरण की सुविधा नहीं मिलेगी। हालांकि, राष्ट्रपति रविवार को अमृत उद्यान का उद्घाटन करेंगी। इसके बाद उद्यान पर्यटकों के लिए तीन फरवरी से 31 मार्च तक खुला रहेगा। नए नियमों के मुताबिक पर्यटकों को अपनी यात्रा से कम से कम एक दिन पहले सुबह 10 बजे तक राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट (visit.rashtrapatibhavan.gov.in) पर जाकर समय के आधार पर अपना स्लाट बुक करना होगा। बिना पूर्व पंजीकरण के पर्यटकों का अमृत उद्यान में प्रवेश वर्जित रहेगा। जबकि एक बुकिंग पर अधिकतम 6 लोग और स्कूल समूहों के लिए 50 छात्र प्रवेश कर सकते हैं।इस साल उद्यान में 85 तरह के प्रजातियों के ट्यूलिप और 145 किस्म के गुलाबों अपनी महक बिखेरेंगे। अर्जुन, भीम, अश्वनी और समरस्रो जैसे खास गुलाबों के साथ- साथ पर्यटकों को लगभग 45 साल पुराने बोन्साई भी देखने को मिलेंगे। पौधों की जानकारी साझा करने के लिए इस बार तकनीक का प्रयोग किया गया है। हर गुलाब के पास एक क्यूआर कोड लगाया गया है, जिसे स्कैन करते ही पर्यटक उस फूल की उत्पत्ति और विशेषताओं के बारे में जान सकेंगे।

मेट्रो से निशुल्क बस सेवा पर्यटकों की सुविधा के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से उद्यान के प्रवेश द्वार तक हर 30 मिनट में निशुल्क बस सेवा संचालित की जाएगी। साथ ही परिसर के भीतर मोबाइल फोन और पानी की बोतल ले जाने की अनुमति दी गई है।अमृत उद्यान सप्ताह के छह दिन सुबह 9. 30 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा और आखिरी प्रवेश 4 बजे तक कर सकेंगे। प्रत्येक सोमवार को मेंटनेंस के लिए बंद रखा जाएगा। यहां आने वाले पर्यटक उद्यान में विभिन्न गुलाबों को देखने के साथ ही राष्ट्रपति भवन संग्रहालय और शनिवार को होने वाले चेंज आफ गार्ड सेरेमनी का भी हिस्सा बन सकते है।

## खरगोन में मानवता शर्मसार : बुजुर्ग महिला से खेत में दुष्कर्म के बाद मौत, नाबालिग अभिरक्षा में



**इंदौर।** खरगोन जिले के टांडा बरुड थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित इलाके में 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग आरोपी को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार रात महिला अपने घर में सो रही थी। इसी दौरान आरोपी घर में घुसा और जबरन उसे पास के खेत में ले गया। वहां महिला के साथ दुष्कर्म किया गया और गंभीर हालत में उसे खेत में छोड़कर आरोपी फरार हो गया। घटना के बाद परिजन महिला की तलाश में खेत पहुंचे, जहां वह अचेत अवस्था में मिली। उसे तत्काल खरगोन जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन आईसीयू में इलाज के दौरान करीब दो घंटे बाद उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया है। प्रारंभिक रिपोर्ट में मल्टीपल ऑर्गन से जुड़ी जटिलताओं की बात सामने आई है, हालांकि अंतिम राय अभी आना बाकी है। पुलिस के अनुसार आरोपी मृतका का रिश्तेदार बताया जा रहा है।खरगोन एसडीओपी रोहित लखारे ने बताया कि मामले में एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया गया है और उसकी उम्र से जुड़े दस्तावेज मंगाए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बिंदुओं के आधार पर मौत के कारणों की गहन जांच की जा रही है।वहीं, आरोपी के परिजनों ने पूछताछ के दौरान एक अन्य नाबालिग की संलिप्तता का आरोप लगाया है, जिसे फिलहाल पुलिस ने खारिज किया है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण की विवेचना हर पहलू से जारी है।

# कफ सीरप तस्करी के सरगना शुभम जायसवाल को ब्लू कॉर्नर नोटिस, वाराणसी में करोड़ों की संपत्ति कुर्क




**वाराणसी, 01 फरवरी [एजेंसी]।**

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने सोमवार को प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सीरप तस्करी मामले में चल रही एसआईटी जांच की समीक्षा की।उन्हें बताया गया कि कमिश्नरेट पुलिस ने अब तक दो गोदामों का राजफाश कर 1 लाख 19 हजार 700 शीशियां बरामद किया है। बरामद कफ सीरप की अनुमानित कीमत 2 करोड़ 63 लाख आंकी गई। तस्करी से जुड़े 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया करने संग उनके 65 बैंक खातों को फ्रीज कर कुल 5.7 करोड़ की धनराशि रोकी गई है।

सरगना व उसके करीबियों की आठ अचल संपत्ति कुर्क की गई, जिसका मूल्य 30 करोड़ 47 लाख है। जांच में यह भी सामने आया कि 71 बैच के कफ सिरप की अन्तर्राष्ट्रीय तस्करी पश्चिम बंगाल व त्रिपुरा के रास्ते बांग्लादेश की जा रही थी। एनसीबी, बीएसएफ के अलावा कई एजेंसियों 71 बैच के कफ सीरप को पकड़ा है। दो मुख्य अभियुक्तों आकाश पाठक (अब गिरफ्तार) एवं शुभम जायसवाल के विरुद्ध ब्लू कार्नर नोटिस जारी किया गया है। पुलिस 28 अभियुक्तों की गिरफ्तारी व 40 आरोपितों को लुक आउट नोटिस जारी किया जा चुका है। अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था शिवहरि मीणा, डीसीपी गौरव बंसवाल, डीसीपी क्राइम सरवणन टी आदि उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश में कस्तूरबा छात्रावास में रह रही 13 साल की छात्रा ने दिया बच्चे को जन्म, मचा हड़कंप



**बालाघाट, 01 फरवरी [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश के बालाघाट में जिला अस्पताल में 13 साल की बालिका ने बच्चे को जन्म दिया है। कक्षा आठवीं में पढ़ने वाली बालिका यहां बैहर विकासखंड के एक कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में रहती है। बालिका से दुष्कर्म के नाबालिग आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही जनजातीय कार्य विभाग ने छात्रावास की अधीक्षक को निलंबित कर दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि छात्रा अक्सर छात्रावास से बाहर चली जाया करती थी। बाहर ही वह आरोपित के संपर्क में आई। चौंकाने वाली बात है कि गर्भकाल में उसमें होने वाले शारीरिक परिवर्तन पर भी छात्रावास अधीक्षक ने कोई ध्यान नहीं दिया। इससे छात्रावास प्रबंधन की लापरवाही सामने आई है। जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त शकुंतला डामोर ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या पाया गया है कि छात्रावास अधीक्षक चैनवती सैयाम ने पीड़ित छात्रा के स्वास्थ्य में अस्वाभाविक परिवर्तन होने पर संवेदनशीलता नहीं दिखाई। समय रहते उसका स्वास्थ्य परीक्षण नहीं कराया। छात्रा के छात्रावास से बार-बार अनुपस्थित रहने और उसके स्वास्थ्य को लेकर उसके अभिभावकों से संपर्क भी नहीं किया, इसलिए अधीक्षक पर कार्रवाई की गई है। महिला थाना प्रभारी किरण वरकड़े ने बताया कि नाबालिग आरोपित को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।

## पारियों के फर्जी साइन और जाली बिल... जमशेदपुर में सेल्समैन ने कंपनी के साथ की 44 लाख की धोखाधड़ी



**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना पुलिस ने महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ 44 लाख रुपये की धोखाधड़ी और गबन करने के आरोपी सेल्समैन अर्पित ऋषि को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी सुंदरनगर का निवासी है और पिछले 17 वर्षों से कंपनी में कार्यरत था।परसुडीह स्थित कृषि बाजार समिति में कंपनी का सेल्स डिपो है, जिसके सीएनएफ एजेंट राजेश अग्रवाल हैं। अर्पित ऋषि कंपनी का पुराना और भरोसेमंद कर्मचारी था। गबन का खुलासा तब हुआ जब अर्पित ने कंपनी को सूचित किया कि बाजार के व्यापारी बकाया भुगतान नहीं कर रहे हैं।संदेह होने पर कंपनी प्रतिनिधि संजय शर्मा, सीएनएफ एजेंट राजेश अग्रवाल और सेल्स अधिकारियों ने व्यापारियों से सीधा संपर्क किया। जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। व्यापारियों ने बताया कि वे नियमित रूप से अर्पित को नकद भुगतान कर रहे हैं। अर्पित ने कई ऐसे बिल दिखाए जो व्यापारियों के नाम पर थे, लेकिन व्यापारियों का कहना था कि उन्हें वह माल कभी मिला ही नहीं। बिलों पर व्यापारियों के फर्जी हस्ताक्षर अर्पित ने खुद किए थे।कंपनी के सामने अर्पित ने गबन की बात स्वीकार की थी, लेकिन राशि वापस करने के बजाय वह फरार हो गया। इसके बाद 19 जनवरी को उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## जयपुर में मौत का धमाका: ऑक्सीजन रिफिलिंग के दौरान सिलेंडर फटा, एक व्यक्ति के उड़े चीथड़े



**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां जयपुर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र स्थित रोड नंबर 17 की करणी विहार कॉलोनी में शनिवार रात करीब 7.45 बजे एक ऑक्सीजन रिफिलिंग फैक्ट्री में जबरदस्त धमाका हुआ। यह विस्फोट उस समय हुआ जब फैक्ट्री में ऑक्सीजन सिलेंडर भरे जा रहे थे। धमाका इतना शक्तिशाली था कि फैक्ट्री का टिनशेड उड़ गया और एक दीवार पूरी तरह ढह गई। विस्फोट की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी, जिससे आस-पास की रिहायशी कॉलोनियों में भूकंप जैसा अहसास हुआ और लोग घरों से बाहर निकल आए।घटना की सूचना मिलते ही विश्वकर्मा थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। स्थानीय निवासियों की मदद से घायलों को तुरंत पास के अस्पताल (खेतान हॉस्पिटल एवं अन्य) पहुंचाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर विस्फोट के सही कारणों की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने रिहायशी इलाके के पास ऐसी फैक्ट्रियों के संचालन पर सुरक्षा सवाल उठाए हैं।

# भरी आंखों के साथ सुनेत्रा पवार ने ली शपथ

### महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बनीं, पीएम मोदी ने दी बधाई

**मुंबई, 01 फरवरी [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने शनिवार को मुंबई स्थित लोक भवन में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। वह राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनी हैं।इससे पहले महाराष्ट्र विधानभवन में हुई राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी विधायक दल की बैठक में सुनेत्रा पवार को विधायक दल का नेता चुना गया। उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले सुनेत्रा पवार ने अपनी राज्यसभा सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को आज लोकभवन में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उपमुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ-साथ फडणवीस मंत्रिमंडल के लगभग सभी सदस्य, राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल पटेल एवं प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे तथा सुनेत्रा पवार के छोटे पुत्र जय पवार भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा, सुनेत्रा पवार जी को महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं, वह इस जिम्मेदारी को संभालने वाली पहली महिला हैं।

मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों की भलाई के लिए अथक प्रयास करेंगी और स्वर्गीय अजितदादा पवार के विजन को पूरा करेंगी।सुनेत्रा पवार के शपथग्रहण से पूर्व एवं बाद में भी सभागार में अजीत दादा अमर रहें के नारे लगते रहे। उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले महाराष्ट्र विधानभवन में बुलाई गई राकांपा विधायक दल की बैठक में राकांपा के वरिष्ठ नेता दिलीप वलसे पाटिल ने विधायक दल के नेता के रूप में सुनेत्रा पवार के नाम का प्रस्ताव रखा एवं पार्टी के दूसरे वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने उनके नाम का समर्थन किया।

यह बैठक उसी कक्ष में बुलाई गई थी, जहां लंबे समय से अजीत पवार बैठते आए थे। कक्ष में दिवंगत नेता की एक तस्वीर भी लगाई गई थी, जिसपर पुष्पार्पित करते हुए कई विधायक भावुक होते दिखाई दिए।

# यूपी में संपत्ति छिपाने वाले 68 हजार राज्यकर्मियों पर गिरी गाज, रुक जाएगा जनवरी का वेतन?




**लखनऊ, 01 फरवरी [एजेंसी]।**

ऐसा लगता है कि 68 हजार से ज्यादा राज्यकर्मियों को अपने वेतन की कोई चिंता ही नहीं हैं। अगर चिंता होती तो मुख्य सचिव के स्पष्ट आदेश पर सभी ने अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा शनिवार तक दे दिया होता।मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण न देने से इन कार्मिकों को अब जनवरी माह का वेतन फरवरी में नहीं मिलेगा। संपत्ति का ब्योरा न देने वाले राज्यकर्मियों के खिलाफ सरकार कड़े कदम भी उठा सकती है।भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंट के मद्देनजर योगी सरकार राज्यकर्मियों की चल-अचल संपत्ति का ब्योरा जुटाने को लेकर बेहद गंभीर है। गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से विभागाध्यक्षों, कार्यालयाध्यक्षों और शासन के अधिकारियों को पिछले दिनों निर्देश दिए गए थे कि सभी राज्यकर्मी अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा 31 जनवरी तक मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करें।उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली, 1956 के नियम-24 के तहत प्रदेश के 8,66,261 राज्यकर्मियों को पिछले वर्ष 2025 तक की चल-अचल संपत्ति का ब्योरा 31 जनवरी तक मानव संपदा पोर्टल पर देना अनिवार्य था। विभागों के नोडल अधिकारी और आहरण-वितरण अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि 31 जनवरी तक संपत्ति का विवरण अपलोड न करने वालों का वेतन रोक दिया जाए।गौर करने की बात यह है कि वेतन रोकने के आदेश के बावजूद 68,236 राज्यकर्मियों ने शनिवार रात तक अपनी संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया। संपत्ति न बताने वालों में सर्वाधिक 34,926 राज्यकर्मी तृतीय श्रेणी वाले हैं। 22,624 राज्यकर्मी चतुर्थ श्रेणी जबकि द्वितीय श्रेणी के 7204 और प्रथम श्रेणी के 2628 अधिकारी हैं। 1612 अन्य कार्मिकों में से भी 854 ने अपनी संपत्ति नहीं बताई है जिससे इनका भी वेतन रुकेगा।कुल राज्यकर्मियों में से जिन आठ प्रतिशत कार्मिकों ने अपनी संपत्ति के बारे में शनिवार तक जानकारी नहीं दी हैं।

## इस्तीफा वापसी के बाद भी नहीं थमेगी जांच, अयोध्या के GST उपायुक्त प्रशांत सिंह की मुश्किलें बरकरार



**लखनऊ।** अयोध्या में तैनात राज्य कर विभाग के उपायुक्त प्रशांत कुमार सिंह द्वारा इस्तीफा वापस लिए जाने का आवेदन दिए जाने के बाद भी शासन के निर्देश पर शुरू हुई विभागीय जांच जारी रहेगी। इस्तीफा वापस लिए जाने का पत्र मुख्यालय पर आने के बाद सक्षम स्तर से इस प्रकरण में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।राज्य कर आयुक्त नितिन बंसल ने कहा है कि उपायुक्त ने शनिवार को अयोध्या के अपर आयुक्त संतोष कुमार को पत्र लिखकर इस्तीफा वापस लिए जाने का अनुरोध किया है। पत्र मुख्यालय आने पर इस पर निर्णय लिया जाएगा। विभागीय जांच जारी रहेगी। उपायुक्त ने 27 जनवरी को इस्तीफा दिया था। जिसमें जगद्गुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर समाज को बांटने का आरोप लगाने के साथ ही मुख्यमंत्री के समर्थन का जिक्र किया था।



## अंकिता लोखंडे ने उषा नाडकर्णी को बताया रॉकस्टार, सोशल मीडिया पर लिखा दिल छू लेने वाला नोट

साउथ सिनेमा के सुपरस्टार विजय सेतुपति की आगामी फिल्म गांधी टॉक्स का टीजर मंगलवार को सामने आ गया। यह एक साइलेंट फिल्म है, जिसमें कोई डायलॉग नहीं है। फिल्म में एआर रहमान का म्यूजिक है, जो कहानी के उतार-चढ़ाव को जीवंत करेगा। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में मराठी और हिंदी सिनेमा की वरिष्ठ कलाकार उषा नाडकर्णी भी शामिल हुईं। उन्हें फिल्म में काम करते देख उनकी पुरानी को-स्टार और पवित्र रिश्ता फेम अभिनेत्री अंकिता लोखंडे भावुक हो गईं। अंकिता ने अपने इंस्टाग्राम पर उषा नाडकर्णी का एक वीडियो शेयर करते हुए उनके प्रति अपना सम्मान और प्यार व्यक्त किया। अंकिता उन्हें प्यार से आई (मां) कहकर बुलाती हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में उषा जी की जमकर तारीफ की और उन्हें एक रॉकस्टार बताया। अंकिता ने लिखा, आई, आप वास्तव में एक रॉकस्टार हैं और हर तरह से हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। आपसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आप आज भी अपने काम के प्रति जुनूनी, समर्पित और विनम्र हैं। आपकी ईमानदारी और सादगी को मेरा सलाम है। मुझे आपसे बहुत प्यार है।


बता दें कि अंकिता और उषा ने टीवी सीरियल पवित्र रिश्ता में साथ में काम किया था। इसमें उषा ने अंकिता की सास का रोल निभाया था। यह सीरियल 2009 में ऑन एयर हुआ था, जिसमें अंकिता लोखंडे और दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत ने अर्चना और मानव के रूप में लीड रोल निभाया था।

किशोर पांडुरंग द्वारा निर्देशित फिल्म गांधी टॉक्स में विजय सेतुपति के अलावा अरविंद स्वामी, अदिति राव हैदरी, सिद्धार्थ जाधव और महेश मांजरेकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

गांधी टॉक्स के ट्रेलर ने सोशल मीडिया पर पहले ही हलचल मचा दी है। यह फिल्म एक बेरोजगार की कहानी है, जिसे पड़ोसन अदिती राव से प्यार हो जाता है। एआर रहमान के दमदार संगीत और सेतुपति, स्वामी और अदिति के शानदार अभिनय ने ट्रेलर को और भी ज्यादा आकर्षक बना दिया है। 'गांधी टॉक्स' 30 जनवरी को सिनेमाघरों में हुई रिलीज।

# स्वीट कॉर्न खाना पसंद है? सुबह के नाश्ते में बनाएं ये 5 व्यंजन

स्वीट कॉर्न एक पौष्टिक और स्वादिष्ट विकल्प है, जिसे आप अपने नाश्ते में शामिल कर सकते हैं। यह न केवल आपके शरीर को ऊर्जा देता है, बल्कि इसमें फाइबर और विटामिन्स भी होते हैं, जो आपके पाचन को स्वस्थ रखते हैं। आइए आज हम आपको स्वीट कॉर्न से बनने वाले पांच आसान और स्वादिष्ट नाश्ते की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप कुछ ही मिनटों में बना सकते हैं।



**स्वीट कॉर्न उपमा**

स्वीट कॉर्न उपमा एक सेहतमंद और स्वादिष्ट विकल्प है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले सूजी को हल्का-सा भून लें, फिर एक पैन में तेल गर्म करके उसमें राई, उड़द दाल, मूंग दाल, करी पत्ते और हरी मिर्च डालें। अब इसमें उबले हुए स्वीट कॉर्न डालें और थोड़ी देर पकने दें। इसके बाद भुनी हुई सूजी को इस मिश्रण में मिलाकर पानी डालें और ढककर पकने दें। जब पानी सूख जाए तो इसे गर्मागर्म परोसें।

**स्वीट कॉर्न चाट**

स्वीट कॉर्न चाट एक मजेदार और पौष्टिक स्नैक हो सकता है। इसके लिए उबले हुए स्वीट कॉर्न को एक बड़े बर्तन में डालें, फिर इसमें बारीक कटी हुई प्याज, टमाटर, हरी मिर्च और धनिया पत्ती मिलाएं। अब इसमें नींबू का रस, भुना जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और नमक स्वादानुसार डालें। आप इसमें थोड़ा-सा चाट मसाला भी डाल सकते हैं। सभी सामग्रियों को अच्छे से मिलाकर इसे ठंडा होने दें और फिर इसे नाश्ते के रूप में परोसें।

**स्वीट कॉर्न पकोड़े**

स्वीट कॉर्न पकोड़े एक बेहतरीन स्नैक हो सकता है, जिसे आप चाय के साथ परोस सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बेसन में नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर और थोड़ा-सा बेकिंग सोडा मिलाएं। अब इसमें उबले हुए स्वीट कॉर्न डालें और अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को छोटी-छोटी लोइयों में बनाकर गर्म तेल में सुनहरा भूरा होने तक तल लें। इन्हें गर्मागर्म परोसें।

**स्वीट कॉर्न टिक्की**

स्वीट कॉर्न टिक्की बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आती हैं। इसे बनाने के लिए उबले हुए आलू और स्वीट कॉर्न को मैश करें, फिर इसमें बारीक कटी हुई प्याज, हरी मिर्च, अदरक-लहसुन का पेस्ट मिलाएं। अब इस मिश्रण में नमक, गरम मसाला, धनिया पाउडर और थोड़ा-सा नींबू का रस डालें। इस मिश्रण को टिक्की का आकार देकर तवे पर हल्का-सा तेल डालकर सुनहरा होने तक सेंके। इसे हरी चटनी या टोमैटो सॉस के साथ परोसें।

**स्वीट कॉर्न डोसा**

स्वीट कॉर्न डोसा एक अनोखा और स्वादिष्ट विकल्प हो सकता है, जिसे आप सुबह के नाश्ते या शाम की चाय के साथ खा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले चावल, उड़द दाल और मूंग दाल को रातभर पानी में भिगोएं, फिर इन्हें पीसकर घोल बना लें। अब इसमें उबले हुए स्वीट कॉर्न डालें और थोड़ी देर खड़े रहने दें। इसके बाद तवे पर थोड़ा-सा तेल लगाकर इस घोल से डोसा बनाएं और इसे नारियल की चटनी के साथ परोसें।

## नीलम गिरी को मिला द 50 का गोल्डन टिकट, लॉयन के महल में भोजपुरी क्वीन की एंट्री


भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री नीलम गिरी बिग बॉस 19 के बाद अब रियलिटी शो द 50 में जाने वाली हैं। इस बात की जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया के जरिए दी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने पुष्टि करते हुए कहा, ये आ गया मेरा द 50 का गोल्डन टिकट और मुझे बुलावा आ गया है लॉयन के महल में जाने के लिए। अब मैं जा रही हूं शॉपिंग के लिए। आप लोग द 50 1 फरवरी से जियो हॉटस्टार और कलर्स पर देख सकते हैं। अभिनेत्री ने वीडियो के साथ लिखा, बिग बॉस 19 के बाद जियो हॉटस्टार और कलर्स के साथ फिर जुड़ना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है, लेकिन इस बार एक बिल्कुल नए रियलिटी शो द 50 के साथ।

उन्होंने लिखा, बिग बॉस के घर में मेरा सफर बहुत शानदार रहा। दर्शकों ने मुझे खूब प्यार दिया, खासकर सीधा जाकर लेफ्ट लें और चाय बनाना जैसे पलों के लिए। अब कुछ नया शुरू करने को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। उम्मीद है यहां भी ऐसे कई यादगार पल बना पाऊंगी। मैं इस नए चैलेंज और मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार हूं और द 50 में अपना पूरा दम लगाऊंगी।

उन्होंने आखिरी में लिखा, द 50 1 फरवरी से जियोहॉटस्टार पर, एक नई शुरुआत का समय है, द 50, मैं आ रही हूं।

शो द 50 एक बड़ा रियलिटी गेम शो है, जिसमें 50 मशहूर हस्तियां एक महल में रहकर अलग-अलग चुनौतियों में हिस्सा लेंगी। इसमें स्ट्रैटेजी, टास्क, ड्रामा और माइंड गेम्स का पूरा पैकेज होगा।

शो के कुछ कंटेस्टेंट के नाम सामने आ चुके हैं, तो कुछ के नामों को लेकर अभी खुलासा नहीं हुआ है। अब देखना होगा कि इतने सेलेब्स के साथ यह शो दर्शकों के लिए कैसा रहेगा।



शो में करण पटेल, फैसल शेख (मिस्टर फैसू), दिव्या अग्रवाल, अर्चना गौतम, प्रिंस नरूला, मोनालिसा और उनके पति विक्रांत सिंह राजपूत और प्रतीक सहजपाल, ऋद्धि डोगरा और उर्वशी ढोलकिया समेत कई कंटेस्टेंट नजर आएंगे।

## घर पर बनाए ऐसा मसाला पाव





गरमागरम, मसालेदार और झटपट बनने वाली चीजी मसाला पाव हर उम्र के लोगों की पसंदीदा स्नैक है। पाव भाजी के क्लासिक फ्लेवर को मोज़रेला और प्रोसेस्ड चीज़ की मलाईदार टेक्सचर के साथ मिलाकर इसे और भी लाजवाब बनाया गया है। अगर आप कुछ जल्दी, टेस्टी और क्रिस्पी बनाना चाहते हैं, तो यह रेसिपी आपके लिए परफेक्ट है।

सामग्री

मक्खन - 1 चम्मच
प्याज - 60 ग्राम
अदरक लहसुन का पेस्ट - 1 चम्मच
शिमला मिर्च - 30 ग्राम
पाव भाजी मसाला - 1 चम्मच
लाल मिर्च पाउडर - 1/2 चम्मच
नमक - 1/2 चम्मच
टमाटर - 40 ग्राम
हरा धनिया - 1 चम्मच
पानी - 60 मिलीलीटर
पाव - 2
मोज़रेला चीज़ - 20 ग्राम
कटा हुआ प्याज - 1 चम्मच
हरा धनिया - 1 चम्मच
प्रोसेस्ड चीज़ - 1 चम्मच

**विधि**-1. एक पैन में 1 चम्मच मक्खन गरम करें और उसमें 60 ग्राम प्याज डालकर 1 मिनट तक भूनें।

2.फिर 1 चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें और खुशबू आने तक कुछ सेकंड भूनें।

3. 30 ग्राम शिमला मिर्च डालें और 30 सेकंड तक पकाएं।

4. अब 1 चम्मच पाव भाजी मसाला, 1/2 चम्मच लाल मिर्च और 1/2 चम्मच नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं।

5. 40 ग्राम टमाटर और 1 चम्मच हरा धनिया डालें। टमाटर नरम होने तक पकाएं।

6. 60 मिलीलीटर पानी डालें और अच्छी तरह मिलाएं।

7.1 चम्मच हरा धनिया डालें और मिलाएं।

8. पाव को मसाले के ऊपर रखें और अच्छी तरह कोट करें। धीरे से पलटें, मोज़रेला चीज़ कद्दूकस करके पाव पर डालें, पाव को मोड़ें और आंच से हटा दें।

9. ऊपर से कटा प्याज, हरा धनिया और प्रोसेस्ड चीज़ डालकर सजाएं।

10. गरमागरम परोसें।

## चेहरे पर सीरम लगाने से मिल सकते हैं ये 5 फायदे, जानिए कैसे

चेहरे की देखभाल के लिए लोग कई तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं, जिनमें से एक है फेस सीरम। यह एक खास प्रकार का त्वचा देखभाल उत्पाद है, जिसमें विटामिन, एंटी-ऑक्सीडेंट्स और नमी देने वाले तत्व होते हैं। यह त्वचा को गहराई से पोषण देता है और उसे स्वस्थ रखता है। आइए जानते हैं कि फेस सीरम को त्वचा देखभाल रूटीन में शामिल करने से क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।

**त्वचा को प्रदान कर सकता है गहराई से पोषण**

फेस सीरम में मौजूद खास तत्व त्वचा की गहराई तक पहुंचकर उसे पोषण देते हैं। यह न केवल ऊपर से बल्कि अंदर से भी त्वचा को स्वस्थ बनाता है। इसके लिए आप विटामिन-सी या विटामिन-ई वाले सीरम का चयन कर सकते हैं। ये विटामिन्स त्वचा को चमकदार बनाते हैं और उसे नमी प्रदान करते हैं, जिससे आपकी त्वचा ताजगी भरी महसूस होती है। इस प्रकार फेस सीरम आपकी त्वचा को गहराई से पोषण देता है।

उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करने में है सहायक

फेस सीरम में उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करने वाले गुण होते हैं, जो झुर्रियों, महीन रेखाओं और त्वचा की कसावट को कम करने में मदद करते हैं। नियमित रूप से फेस सीरम का उपयोग करने से आपकी त्वचा युवा और ताजगी भरी दिखेगी। इसके एंटी-ऑक्सीडेंट्स आपकी त्वचा को हानिकारक तत्वों से बचाते हैं, जो उम्र बढ़ाने में योगदान करते हैं। इस प्रकार फेस सीरम आपकी त्वचा को स्वस्थ और युवा बनाए रखने में मदद करता है।

**दाग-धब्बों को हल्का करने में है प्रभावी**



अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे हैं तो फेस सीरम उनका इलाज करने में मदद कर सकता है। विटामिन-सी वाले सीरम विशेष रूप से इस काम में प्रभावी होते हैं क्योंकि ये दाग-धब्बों को हल्का करते हैं और रंगत को समान बनाते हैं। इसके अलावा यह त्वचा की चमक भी बढ़ाता है, जिससे आपका चेहरा ताजगी भरा और साफ-सुथरा दिखता है। नियमित उपयोग से आपको अपने चेहरे में बड़ा अंतर नजर आएगा।

**नमी बनाए रखने में है मददगार**

फेस सीरम आपकी त्वचा को गहराई तक नमी प्रदान करता है, जिससे त्वचा सूखी नहीं होती और उसमें चिपचिपाहट भी नहीं आती। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमंद होता है, जिनकी त्वचा रूखी या बेजान होती है। इसके नियमित उपयोग से आपकी त्वचा मुलायम और नमीयुक्त रहती है। इसके अलावा यह त्वचा की प्राकृतिक नमी को भी बनाए रखने में मदद करता है, जिससे आपकी त्वचा ताजगी भरी और स्वस्थ दिखती है।

**सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने में है सहायक**

फेस सीरम सूरज की हानिकारक किरणों से होने वाले नुकसान से बचाने में भी मदद करता है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स सूरज की हानिकारक किरणों से होने वाले नुकसान से बचाव करते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि आप अपने त्वचा देखभाल रूटीन में फेस सीरम को शामिल करें। इस प्रकार फेस सीरम कई प्रकार के लाभ प्रदान करता है, जो आपकी त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

## छुट्टी पर बनाएं रेस्टोरेंट जैसा स्टफ्ड पनीर कबाब, ये रेसिपी सबको बना देगी दीवाना



वीकेंड पर कुछ खास बनाने के लिए घर पर स्टफ्ड पनीर कबाब ट्राई करें, यह एक आसान और स्वादिष्ट रेसिपी है जो बच्चों और बड़ों सभी को पसंद आएगी।

वीकेंड के दौरान कुछ चटपटा खाने का हम सभी का मन जरूर करता है। इसलिए हम कई बार सोचते हैं कि ऐसा क्या बनाएं, जिसे खाने के बाद बच्चे और घरवाले दोनों को पसंद आ जाए। ऐसे में आप स्टफ्ड पनीर कबाब को बनाकर खा सकते हैं। इसे बनाना भी काफी आसान है। जब आप इसको खाएंगी तो सब लोग आपके जायके की तारीफ करेंगे। आइए आपको बताते हैं इसकी पूरी रेसिपी, तो आप स्टफ्ड पनीर कबाब बना सकते हैं।

**स्टफ्ड पनीर कबाब बनाने की विधि**

स्टफ्ड पनीर कबाब बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक पनीर को 2-2 मोटे टुकड़ों में काटना है फिर इसे पानी से साफ कर लेना है।

अब एक कटोरी लेनी है, इसमें हंगकर्ड लेना है।

इसके बाद इसमें कॉर्न, शिमला मिर्च, प्याज, बारीक कटी हुई मिर्च, हरा धनिया, काली मिर्च पाउडर और नमक को मिक्स करना है।

फिर इन्हें अच्छे से मिला लें।

स्टफ्ड पनीर कबाब कैसे तैयार करें

जब आपकी पनीर की स्टफिंग बन जाए, तो कटा हुआ पनीर लें।

अब इसमें स्टफिंग को भरे।

इसके बाद आप कॉर्नफ्लार की स्लरी तैयार करें। फिर इसमें पनीर को डीप करें।

अब इसमें ब्रेड क्रम्बस लगाएं। फिर गैस पर तेल को गर्म करने के लिए रख दें।

इसके बाद इसको अच्छे से गोल्डन होने तक फ्राई करें।

फिर इसको आप एक प्लेट में निकाल लें।

कैसे स्टफ्ड पनीर कबाब तैयार करें

इसको सर्व करने के लिए आप इसे एक प्लेट में सजाएं। इसके बाद इसको आप हरी चटनी और लाल चटनी के साथ सर्व करें। इससे आपके घरवालों का वीकेंड अच्छा बन जाएगा। आप चाहें तो इसमें अपनी पसंद की कोई भी अतिरिक्त स्टफिंग मिला सकती हैं, जिससे इसका स्वाद और भी लाजवाब हो जाए। इसे बनाकर जरूर ट्राई करें और खास मौकों पर अपने मेहमानों को सर्व करें। यकीन मानिए, सभी इसकी तारीफ करेंगे।

## शब्द सामर्थ्य - 302

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 301 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

# स्वास्थ्य मंत्री, विधायक, व्यापक जन समुदाय एवं छात्रों के मौजूदगी में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का गरिमामय समापन

## जिले में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित किये गये व्यापक पैमाने पर यातायात जन जागरूकता संबंधी कार्यक्रम

**कोरिया बैकुंठपुर।** मानस भवन बैकुंठपुर में शनिवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक विकास 20 सूत्रीय कार्यान्वयन छत्तीसगढ़ शासन श्याम बिहारी जायसवाल रहे, जिन्होंने बेहद ही सरल एवं सहज शब्दों में उपस्थित जन समुदाय को बताया कि यातायात नियमों के पालन से इंसान सड़क दुर्घटना के दौरान असमय होने वाली मौत से बच सकता है, साथ ही ओवर स्पीड एवं अनियंत्रित गति से वाहन न चालन हेतु प्रेरित किये एवं कोरिया पुलिस द्वारा चलाए जा रहे व्यापक पैमाने पर जन जागरूकता अभियान की जमकर सराहना किए। मुख्य अतिथि ने कहा कि यातायात नियमों के पालन हेतु पुलिस आग्रह कर रही है, जागरूकता अभियान चला रही है, गुलाब फूल भेंट कर रही है, विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्र व स्कूल-कॉलेज में जागरूकता अभियान संबंधित शिविर का आयोजन किया जा रहा है सार्वजनिक कार्यक्रमों के माध्यम से नियमों के पालन हेतु लोगों से आग्रह किया जा रहा है जिससे कि अधिक से अधिक लोग जागरुक हो सके, अब बारी जनमानस एवं वाहन चालक की है कि लोग नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक बैकुंठपुर विधानसभा भईया लाल राजवाड़े ने उपस्थित जन मानस से नियमों का कड़ाई से पालन करने की बात कही, साथ ही मनसा जाहिर करते हुए कहा की पहले लाइसेंस बनने के बाद ही वाहन का रजिस्ट्रेशन किसी भी व्यक्ति के नाम से किया जाए जिससे कि लोग सड़क के नियमों से पूर्ण रूप से परिचित होंगे और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नागरिकों और सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़क सुरक्षा की गंभीरता और चुनौतियों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह का आयोजन व्यापक रूप से जन जागरूकता अभियान के साथ किया गया। साथ ही सभी से अपील करते हुए कहा कि जब पक्षी आसमान में उड़ते समय आपस में एक दूसरे से नहीं टकराते हैं वहां भी नियमों का पालन होता है तो फिर हम तो इंसान हैं अपने जीवन को व्यर्थ यूं ही ना गवाएं नियमों का पालन करें खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। समापन समारोह कार्यक्रम के आयोजन प्रमुख जिले के पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने पूरे एक माह तक संचालित सड़क सुरक्षा माह का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह अभियान निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है विगत एक माह तक विशेष आयोजनों के माध्यम से वाहन चालक, आमजन, विद्यालयीन एवं महाविद्यालय छात्रों सहित अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया। सड़क सुरक्षा माह के दौरान 115 वाहन चालकों के आंखों की जांच, बिना नंबर के वाहनों में नंबर लिखना, वाहनों में आगे पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाना, यातायात नियमों का पालन कर चलने वाले वाहन चालकों को गुलाब फूल भेंट करना, बैनर पोस्टर पंपलेट एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से वृहद पैमाने पर जन जागरूकता अभियान संचालित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं अधिक से अधिक लोगों तक नियमों की जानकारी पहुंचाना रहा है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित राहगीर योजना एवं गुड सेमेरिटन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि आप निश्चिंत होकर सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद कीजिए आपके ऊपर किसी भी प्रकार की कानून अड़चन आड़े नहीं आएगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे के नेतृत्व में पुलिस विभाग के महिला आरक्षकों ने महिला सशक्तिकरण का सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया। समापन समारोह के अवसर पर आयोजित हेलमेट रैली एवं नगर के प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे के नेतृत्व में विभाग के महिला आरक्षकों ने महिला सशक्तिकरण की प्रतिमूर्ति रानी लक्ष्मी बाई, सरोजिनी नायडू, इंदिरा गांधी, प्रतिभा पाटिल एवं किरण बेदी की छवि आम जनमानस में अत्यंत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत किये।






**इन्हें मिला गुड सेमेरिटन का सम्मान**- वैभव सिंह, संजय सोलंकी ,एस प्रकाश, रईस अहमद, मुख्तार अंसारी, अनुराग दुबे ,अंचल किशोर राजवाड़े, गणेश रजवाड़े, भाग सिंह, सुनील सोनवानी, सिद्धार्थ सिंह, हरिकेश राजवाड़े, सक्षम कुर्रे, तुलेश्वर, श्रीमती कुंती राजवाड़े, स्मृति सोनी, अहिल्या रजवाड़े, देवकुमारी, धीरेंद्र साहू ,श्रीमती रुकमणी, भगमनिया कुर्रे,एवं लीलावती साहू इन्होंने सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद कर जीवन रक्षा का पुनीत कार्य किया है।

**चिकित्सकों का हुआ सम्मान**-सड़क सुरक्षा माह के दौरान नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के सफल संचालन के साथ ही समय-समय पर तत्परता के साथ सड़क दुर्घटना में घायलों के जीवन रक्षा जैसे पुनीत कार्य करने वाले नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुरिमा पैकरा, नेत्र सहायक अधिकारी गणेश गौतम, वीरेंद्र साहू, पुष्पेंद्र पटेल, काउंसलर श्रीमती लक्ष्मीनिया सिंह, दंत सहायक श्रीमती अंजू कुशवाहा, मितानिन प्रशिक्षक श्रीमती बाबी राजवाड़े एवं मितानिन श्रीमती कल्पना सिंह को सम्मानित किया गया।

**निर्णायक गण हुए सम्मानित**- सड़क सुरक्षा माह के दौरान विविध प्रकार के आयोजनों में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन करने हेतु व्याख्याता श्रीमती स्वीटी मिश्रा, सुमन पांडेय, परीक्षा गुप्ता, डॉक्टर ऋचा श्रीवास्तव, अतिथि व्याख्याता नीलम मिश्रा, सहायक शिक्षक समीक्षा शर्मा, जय श्री रेड्डी, तारा पांडेय, सुमन नायक, जेल शिक्षिका विवेक सिद्दीकी, उच्च श्रेणी शिक्षक काजल पाठक, प्रधान पाठक जितेंद्रीय प्रसाद द्विवेदी, सहायक ग्रेड 2 अमृतांशु मिश्र, को सम्मानित किया गया। समापन समारोह के अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चे निशि, नयन, सौम्या, सुहानी,ओम एवं अंश के द्वारा बहुत ही सुंदर यातायात जागरूकता से संबंधित नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर, ज्ञान कुंज विद्यालय बैकुंठपुर के छात्रों ने भी मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समापन समारोह के अवसर पर विभिन्न विद्या रंगोली, चित्रकला, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करने के साथ ही सड़क सुरक्षा माह के दौरान सराहनीय योगदान प्रदान करने हेतु एनसीसी कैडेट्स जिला एनसीसी अधिकारी संजीव जायसवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक जिला संगठक एम .सी. हिमधर के नेतृत्व में जन जागरूकता के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। समापन समारोह के दौरान मीडिया के पदाधिकारी व प्रतिनिधि गणों के साथ, पुलिस के अधिकारी कर्मचारी गण, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आए शिक्षक गणों सहित गणमान्य जनों को सम्मानित किया गया। समापन समारोह के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे, उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर, नेल्सन कुजूर, राजेश साहू, रक्षित निरीक्षक नीतीश आर नायर, विभिन्न थानों के थाना प्रभारी गण बैकुंठपुर निरीक्षक विपिन लकड़ा, पटना प्रभारी उप निरीक्षक राजेश तिवारी, चर्चा प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद पांडेय विभिन्न थाना क्षेत्र से आए थाना एवं चौकी प्रभारी गण, यातायात प्रभारी उप निरीक्षक बीरबल राजवाड़े, सहायक उप निरीक्षक धनंजय सिंह, किशुन राम भगत के साथ पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। समापन समारोह कार्यक्रम का सफल संचालन यातायात हवलदार महेश मिश्रा ने किया।

### एसडीएम के निरीक्षण दल ने इमारती लकड़ी से भरे वाहन को किया जब्त

**बलरामपुर।** वन परिक्षेत्र धमनी अंतर्गत ग्राम चेरा में शुक्रवार 30 जनवरी 2026 की तड़के एसडीएम रामानुजगंज की सूचना एवं निर्देश पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से परिवहन की जा रही इमारती लकड़ी जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान पिकअप वाहन क्रमांक क्र 64 ष्टझ् 6598 से साल लकड़ी के लठ्ठे 05 नग बरामद किए गए, जिन्हें वाहन सहित जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब 5 बजे एसडीएम रामानुजगंज की टीम द्वारा अवैध धान परिवहन की आशंका पर एक पिकअप वाहन का पीछा किया गया। वाहन चालक पिकअप को ग्राम चेरा निवासी श्रवण यादव के घर के परछी में खड़ा कर मौके से फरार हो गया। जांच के दौरान पिकअप में भूसे के नीचे छिपाकर रखी गई इमारती साल लकड़ी पाई गई। जब्त पिकअप वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख रुपये, जबकि जब्त वनोपज की कीमत करीब 80 हजार रुपये आंकी गई है।

### सराफा कारोबारी से ठगी

**रायपुर।** दोपहिया ई वाहन की एजेंसी दिलाने के नाम पर शहर के सराफा कारोबारी से 28 लाख रुपए ठग लिए। यह वसूली छमाह के दौरान की और 27 माह से वापस न करने पर पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाली पुलिस के अनुसार के के ज्वेलर्स बुढ़ापारा का संचालक रूपेश सोनी ने ढाई वर्ष पहले मई 23 में ई बाइक की एजेंसी लेने की योजना बनाई थी।



### भाजयुमो नेता अंचल राजवाड़े को जिला पुलिस प्रशासन ने 'गुड सेमेरिटन सम्मान' से किया गया सम्मानित

**कोरिया।** भाजयुमो कोरिया के पूर्व जिलाध्यक्ष अंचल राजवाड़े को जिला प्रशासन कोरिया के तत्वावधान में मानस भवन,बैकुंठपुर में आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के करकमलों से जिला पुलिस प्रशासन द्वारा 'गुड सेमेरिटन सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अंचल को सड़क दुर्घटना में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों के सहायता करने के लिए प्रदान किया गया है।

## खड़गवां में सरगुजा ओलंपिक 2025-26 का भव्य आगाज, खिलाड़ियों ने दिखाया जोश और जुनून

**एमसीबी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार आयोजित सरगुजा ओलंपिक 2025-26 प्रतियोगिता श्रृंखला के अंतर्गत एमसीबी जिले के खड़गवां विकासखण्ड में विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का आज मिनी स्टेडियम खड़गवां में भव्य शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, जनपद सदस्य युगान्तर श्रीवास्तव, सरपंच सुखीतलाल अगरिया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य धनंजय पाण्डेय, मंडल संयोजक धर्मपाल उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खड़गवां विजयेन्द्र सारथी, जनपद सीईओ रूपेश बंजारे, तहसीलदार सिद्धी गबेल, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आर एन मिश्रा, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विनय पाण्डेय एवं मंडल संयोजक सुजीत कुमार साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही।अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। खेल तथा राजकीय गीत के माध्यम से खिलाड़ियों में उत्साह का संचार किया गया। मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सरगुजा ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं को ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए बड़ा मंच बताते हुए कहा कि इससे खिलाड़ियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है तथा उन्हें राज्य स्तर तक पहुंचने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी वर्गों के खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने एवं अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न खेलों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। वॉलीबॉल जूनियर बालक वर्ग में पोड़ीडीह चिरमिरी विजेता रहा तथा पोड़ीडीह उप विजेता बना। बालिका वर्ग में बरदर की सीनियर महिला टीम विजेता रही जबकि खड़गवां उप विजेता रहा। रस्साकस्सी महिला वर्ग में खड़गवां विजेता एवं चिरमिरी उप विजेता रहा। वहीं सीनियर बालक वर्ग ऊंची कूद में आनंद कुमार, दुर्गा सिंह निवासी गिद्धमुड़ी एवं मन्नू लाल निवासी दुग्गी विजेता रहे। गोला फेंक में तोरेन्द्र कुमार निवासी बरतुंगा, अज्ञ प्रताप निवासी देवाडांड एवं ओम प्रकाश सिंह निवासी गड़तर ने जीत दर्ज की। तवा फेंक में जयवंत, प्रियांश कुमार निवासी चिरमिरी एवं चन्द्र प्रताप निवासी पेंड्री विजेता बने। भाला फेंक में अर्कसाहिल निवासी दुबछोला, सूरज सिंह भगत निवासी पोड़ीडीह एवं चन्द्र प्रकाश निवासी पेंड्री ने सफलता हासिल की।इसके साथ ही 14 से 17 वर्ष बालिका वर्ग ऊंची कूद में ममता निवासी गिद्धमुड़ी, सुखमनिया एवं सुनीता निवासी बोडेमुड़ा विजेता रहीं। गोला फेंक में प्रीति सिंह निवासी पीपर बहरा, सुखमनिया निवासी बोडेमुड़ा एवं रानू निवासी धवलपुर ने जीत दर्ज की। तवा फेंक में अनुराधा निवासी कोड़ांगी, रानी निवासी शिवपुर एवं अमेश्वरी निवासी खड़गवां विजेता रहीं।

### एआई और मोबाइल युग में भी मानसिक गणना के मिसाल बने 72 वर्षीय व्यापारी कन्हैयालाल अग्रवाल

**रामानुजगंज।** आज के एआई और मोबाइल के युग में जहाँ आमजन साधारण जोड़-घटाव के लिए भी कैलकुलेटर और मोबाइल पर निर्भर हो चुके हैं, वहीं रामानुजगंज नगर के 72 वर्षीय वरिष्ठ व्यापारी कन्हैयालाल अग्रवाल आज भी बिना किसी तकनीकी सहायता के लंबा से लंबा हिसाब पलक झपकते ही जुबानी जोड़ लेते हैं। उनकी यह अद्भुत क्षमता न केवल लोगों को आश्चर्यचकित करती है, बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन गई है।कन्हैयालाल अग्रवाल वर्षों से व्यापार से जुड़े हुए हैं। उनके अनुसार, उन्होंने अपने व्यापारिक जीवन की शुरुआत ऐसे समय में की थी जब न तो कैलकुलेटर आसानी से उपलब्ध थे और न ही डिजिटल साधन। उस दौर में हिसाब-किताब पूरी तरह दिमाग से किया जाता था। यही अभ्यास धीरे-धीरे उनकी आदत और फिर उनकी विशेष पहचान बन गया।वे बताते हैं कि उन्होंने शुरू से ही जोड़-घटाव, गुणा-भाग मानसिक रूप से करने का अभ्यास किया और कभी कैलकुलेटर पर निर्भर नहीं रहे। आज भी वे बिना किसी मशीन की मदद के बड़ी रकम का हिसाब तुरंत लगा लेते हैं। उनकी यह दक्षता देखकर लोग अक्सर दंग रह जाते हैं और उन्हें चलता-फिरता कैलकुलेटर भी कहते हैंकन्हैयालाल अग्रवाल का मानना है कि मानसिक गणना न केवल दिमाग को तेज रखती है, बल्कि स्मरण शक्ति और एकाग्रता को भी मजबूत बनाती है। वे युवाओं को सलाह देते हैं कि तकनीक का उपयोग आवश्यक है, लेकिन उस पर पूरी तरह निर्भर होना ठीक नहीं। यदि दिमाग का उपयोग बंद कर दिया जाए, तो उसकी क्षमता धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगती है।

### सोनहत ब्लॉक में मैंगो वाड़ी में प्रूनिंग ट्रेनिंग एवं रोग प्रबंधन का प्रशिक्षण



**कोरिया।** सोनहत ब्लॉक में HDFC- FDP कार्यक्रम के अंतर्गत 45 वसुंधरा सेवक और कम्युनिटी मोबाइलाइजर का प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। मैंगो वाड़ी में पौधों के समुचित विकास एवं उत्पादन वृद्धि के उद्देश्य से प्रूनिंग एवं ट्रेनिंग कार्य किया गया। इस दौरान वसुन्धरा सेवक और कम्युनिटी मोबाइलाइजर को सही ढंग से सूखी, रोगग्रस्त एवं अनावश्यक शाखाओं को हटाने की जानकारी दी गई, जिससे पौधों में धूप एवं वायु संचार बेहतर हो सके। प्रशिक्षण के दौरान मैंगो में लगने वाली प्रमुख बीमारियों जैसे पाउडरी मिल्ड्यू, एन्थ्रेक्नोज एवं डाइबैक के लक्षणों की पहचान एवं उनके नियंत्रण की विधियाँ बताई गईं। रोग प्रबंधन हेतु अनुशंसित दवाओं के उचित मात्रा एवं समय पर छिड़काव पर विशेष जोर दिया गया। वसुन्धरा सेवक और कम्युनिटी मोबाइलाइजर को प्रूनिंग के पश्चात कटे हुए भाग पर बोर्डो पेस्ट/कॉपर आधारित दवाओं के उपयोग तथा बगीचे की स्वच्छता एवं संतुलित पोषण बनाए रखने की सलाह दी गई। यह गतिविधि वसुन्धरा सेवक और कम्युनिटी मोबाइलाइजर के लिए उपयोगी रही एवं भविष्य में बेहतर उत्पादन हेतु सहायक सिद्ध होगी। प्रशिक्षण में WOTR से अजय सिंह,राजेश आजाद सर और WOTR के कर्मचारी और वसुन्धरा सेवक उपस्थित रहे।

### जरूरतमंद लोगों को प्रदाय किया हेलमेट

**सूरजपुर।** जरही में थाना भटगांव पुलिस के द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पर 200 वाहन चालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण कर दवाएं उपलब्ध कराई गई, 10 गुड सेमेरिटन को उत्कृष्ट सेवा सम्मान मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित तथा 25 जरूरतमंद लोगों को हेलमेट प्रदाय किया गया। इस अवसर पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने नागरिकों कहा कि यातायात नियमों का पालन ही सुरक्षा की कुंजी है, यातायात नियमों का पालन करना जीवन रक्षा के लिए अत्यन्त जरूरी है क्योंकि छोटी सी लापरवाही से बड़े हादसे हो सकते हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि बाइक चलाते समय आवश्यक रूप से हेलमेट व कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाए ताकि किसी आपात स्थिति में चालक सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर समाज के लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रोत्साहित करने के इस अभियान को नई दिशा दे सकते हैं।

## मुरुम ढुलाई में लगा ट्रेक्टर ट्राली पलटा, दबकर युवक की मौत

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के जनकपुर थाना अंतर्गत ग्राम हरचोका में मुख्य सड़क से मवई नदी रेत खदान तक वाहनों के आने जाने के लिए मिट्टीकृत सड़क निर्माण के लिए मुरुम की ढुलाई कार्य कर रही ट्रेक्टर ट्राली के पलट जाने से चपेट में आया एक युवक की मृत्यु हो गई। सूचना पर जनकपुर पुलिस मर्ग कायम कर घटना स्थल व शव का निरीक्षण एवं गवाहों का कथन, पंचो की राय तथा पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव का पी.एम. करा शार्ट रिपोर्ट प्राप्त किया और मृतक के भाई के कथन अनुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।



पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हरचोका के मवई नदी स्थित रेत खदान से रेत निकालने हेतु मिट्टीकृत सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा था। मुरुम ढुलाई कार्य के लिए ट्रेक्टर ट्राली एवं मुरुम बिछाने के लिए पोकलैण्ड मशीन लगाया गया था। पोकलैंड मशीन को महेन्द्र पटेल नाम का चालक चला रहा था। मृतक सतेन्द्र पाण्डेय स्वयं अपनी महेन्द्रा ट्रेक्टर ट्राली से मुरुम की ढुलाई कर रहा था। इसी दौरान ट्रेक्टर ट्राली मवई नदी के किनारे बांस घेरा के पास पलट गई। ट्राली पलटने पर मृतक सतेन्द पाण्डेय अपने साथी राजकुमार को ट्रेक्टर ट्राली सीधा करने के लिए कहा और वहीं स्थल पर कार्य में लगे पोकलैण्ड मशीन के चालक को बुलवाया। पोकलैण्ड मशीन के चालक द्वारा मशीन को लापरवाही पूर्वक चलाकर ट्राली को उठाने का प्रयास किया तो ट्राली मृतक के ऊपर गिर गयी जिससे चोंट लगने के कारण सतेंद्र पाण्डेय की मृत्यु हो गई। जनकपुर अस्पताल में लाने पर चिकत्सकों ने परीक्षण उपरान्त मृत घोषित कर दिया। पुलिस जाँच में पाया गया कि पोकलैण्ड मशीन चालक महेन्द्र पटेल के द्वारा लापरवाही पूर्वक मशीन को चलाकर एक्सीडेण्ट करने से मृतक सतेन्द्र पाण्डेय की मौत हुई है जिसके बाद पुलिस ने पोकलैंड मशीन चालक के बिरुद्ध बी.एन.एस. की धारा 106(1) का अपराध सदर पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। नकल मर्ग इण्टीमेशन विवरण अनुसार सूचक राजकुमार बैगा, घनश्याम अहिरवार ने मार्ग इंटीमेशन दर्ज कराया कि सतेन्द्र कुमार पाण्डेय अपने महिन्दा ट्रेक्टर में ग्राम हरचोका स्थित मवई नदी के किनारे तक रेत खदान से रेत निकालने के लिए वाहनों के आवाजाही के लिए बनाई जा रही कच्ची सड़क में मुरुम लाने का काम कर रहा था। 30 जनवरी 2026 की शाम लगभग 06:00 बजे रामराज के घर के पास से अपने महिन्दा ट्रेक्टर ट्राली में मुरुम लेकर जैसे ही मवई नदी के किनारे बांस का भीरा लगे स्थान पर पहुंचा तो ट्रेक्टर की ट्राली पलट गई तो राजकुमार बैगा से ट्राली सीधा कराने को कहा तो राजकुमार बोला की ट्रेक्टर खीचने के लिए राड की जरुरत पड़ेगी तो राजकुमार इसके मोबाईल में फोन लगाकर राड लाने को कहा तो वह बोला कि मैं बहुत दूर में हूं वहीं आस पास सम्पर्क कर लो तब सतेन्द्र यहीं पास खडे पोकलैंड मशीन वाले को जो रोड वनाने का काम कर रहा था को बुलाकर ट्राली सीधा कराने लगा तो पोकलैंड मशीन का चालक लापरवाही पूर्वक पोकलैंड मशीन को चलाकर जिधर सतेन्द्र पाण्डेय खड़ा था ट्राली को उधर ही पल्टा दिया तो ट्राली सतेन्द्र के ऊपर गिर गई सतेन्द्र ट्राली के नीचे दब गया जिससे सतेन्द्र के सिर और शरीर में गहरी चोंट लगा है। सतेंद्र के दब जाने के तुरंत बाद पोकलैंड मशीन से ट्रेक्टर ट्राली को उठवाए और चोंटिल सतेन्द्र को वहां से उठाकर राजकुमार बैगा और दीपक अहिरवार, मुकेश सिंह, रामप्रसाद का लडका लालजी के साथ हरचोका स्थित अस्पताल लाए और वहा से जनकपुर अस्पताल सतेन्द उपाध्याय के साथ लेकर गए जहां डाक्टर ने सतेन्द्र पाण्डेय को मृत होना बताया।




## सम्पूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ, तीन माह में 100 प्रतिशत संतृप्ति का लक्ष्य

**कोरिया।** आकांक्षी विकासखंड बैकुंठपुर में भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित 'सम्पूर्णता अभियान 2.0' का शुभारंभ शुक्रवार 30 जनवरी को जिला पंचायत सभागार में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भैयालाल राजवाड़े रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत निर्धारित 3 माह की अवधि में चिन्हित सूचकांकों में शत-प्रतिशत संतृप्ति हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि सम्पूर्णता अभियान 2.0 के तहत कुल 6 प्रमुख सूचकांकों पर कार्य किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को अनुपूरक पोषण प्रदान करना, 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों का नियमित वजन एवं लंबाई मापन, आंगनबाड़ी केंद्रों में सुरक्षित पेयजल एवं शौचालय सुविधा सुनिश्चित करना शामिल है। इसके साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा सभी बालिका विद्यालयों में शौचालय सुविधा उपलब्ध कराना तथा पशुपालन विभाग द्वारा सभी पात्र पशुओं का एफएमडी टीकाकरण किया जाएगा।

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने अभियान को जन-आंदोलन के रूप में सफल बनाने हेतु जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम में जिला परियोजना एवं सांख्यिकी अधिकारी पी. पी. सिंह, नीति आयोग के एबीपी फेलो डॉ. इरशाद खान सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुसमुण्डा में एसईसीएल कर्मी ने लगाई फांसी

## पुलिस पहुंची मौके पर

**कोरबा।** कोरबा पश्चिम के कुसमुण्डा क्षेत्र में शनिवार की देर रात एक एसईसीएल कर्मी ने अपने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर कुसमुण्डा पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुसमुण्डा थाना अंतर्गत विकासनगर कालोनी के आवास क्रमांक एमडी-17 में एसईसीएल कर्मी गुलाब सिंह पिता पारसनाथ निवास करता था। उसका शव आज सुबह उसके कमरे में पंखे पर फंदे से लटकता मिला। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। एसईसीएल कर्मी की लाश फांसी के फंदे पर लटके मिलने की जानकारी मिलते ही कुसमुण्डा पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर पंचनामा पश्चात् शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के चीरघर भिजवाया। बताया जाता है कि एसईसीएल कर्मी गुलाब सिंह मुलतः सूरजपुर जिले के खड़गवां थाना क्षेत्र अंतर्गत पम्पापुर गांव का निवासी थी।

वह अविवाहित था और कुसमुण्डा में अकेले रहता था। उसके परिचितों के अनुसार कल सायं उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। एसईसीएल कर्मी ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया यह फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने मु जुटी हुई है।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर बैठक 3 को

**कोरबा।** कोल इंडिया में होने वाले राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर 3 फरवरी को ढेलवाडीह में 4 श्रमिक संगठनों की बैठक आयोजित की गई है। 4 श्रमिक संगठनों के कार्यकर्ता लेबर कानून का विरोध कर रहे है। इस बैठक में धरमा राव, कृष्णा तिवारी, राजेश साहू, बिलोराम, उपेन्द्र कुमार, अशोक सिंह सहित अनेकों कार्यकर्ता शामिल होंगे। एसईकेएमसी के केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि हड़ताल को सफल बनाने के लिए एसईसीएल में 4 अलग-अलग स्थानों पर बैठक होगी। जिसके आधार पर एरिया व इकाई स्थर पर बैठक होगी। दीपका क्षेत्र में कनवेंशन की तैयारी की जा रही है। यहां पर रेशमलाल यादव, गिरजा साहू, दीपक उपाध्याय छंदराम राठौर, गिरीश जायसवाल, विनोद यादव, अजय राठौर तैयारी करेंगे।

# अरसे बाद शुरू हुआ सड़क निर्माण, धूल ने बढ़ाई परेशानी

### आरोप-बड़ी संख्या में काट दिए गए पेड़



**कोरबा।** कटघोरा से कोरबा को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य आखिरकार शुरू हो गया है, लेकिन राहत की जगह यह निर्माण अब सवालों के घेरे में आ गया है। जेन्जरा चौक से गोपालपुर तक की सड़क लंबे समय से खस्ताहाल थी। गड्ढों और खराब सतह के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं, लेकिन चूंकि इस मार्ग का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कराया जाना था, इसलिए लोक निर्माण विभाग ने भी वर्षों तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

अब जब निर्माण कार्य शुरू हुआ है, तो उसमें बरती जा रही लापरवाही ने स्थानीय लोगों की चिंता और नाराजगी दोनों बढ़ा दी है। हृाद्ध ने इस सड़क निर्माण का ठेका हरियाणा ठेकेदार की विश्वकर्मा इंटरप्राइजेस कंपनी को दिया है, लेकिन कंपनी द्वारा नियमों और मानकों को दरकिनार कर काम किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क निर्माण के नाम पर सड़क किनारे बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई कर दी गई है। बिना स्पष्ट अनुमति और वैकल्पिक पौधारोपण की व्यवस्था के पेड़ों की 'बलि' चढ़ा दी गई, जिससे क्षेत्र के पर्यावरण संतुलन पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है। धनरास मार्ग पर छुरी खुर्द के समीप ठेकेदार कंपनी द्वारा एक अस्थायी ब्लीचिंग प्लांट लगाया गया है। इस प्लांट से निकलने वाली धूल और अन्य प्रदूषक तत्वों के कारण आसपास के गांवों और बस्तियों में वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। लोगों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य के दौरान सड़क की खुदाई तो कर दी गई है, लेकिन नियमों के अनुसार पानी का नियमित छिड़काव नहीं किया जा रहा। नतीजा यह है कि पूरे मार्ग पर धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। पैदल चलना तो दूर, दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के लिए भी इस रास्ते से गुजरना मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और मरीज सबसे ज्यादा परेशान हैं।

### NHAI की भूमिका पर भी उठे सवाल

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा यह सब कुछ या तो एनएचएआई के नियमों को नजरअंदाज कर किया जा रहा है, या फिर प्राधिकरण के अधिकारियों की मौन सहमति और संलिप्तता से ठेकेदार के हौसले बुलंद हैं। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह निर्माण कार्य भविष्य में और बड़ी समस्याओं का कारण बन सकता है। अब यह मामला केवल खराब निर्माण तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और आम जनता की सुरक्षा से भी जुड़ गया है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग, राजस्व विभाग व जिला प्रशासन और प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों से पूरे मामले की जांच कर ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि नियमों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण हो और क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

## युथ इंटक की कमान मिली वासुदेव को

**कोरबा।** पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव एवं राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के प्रदेश अध्यक्ष टीकेंद्र सिंह ठाकुर की सहमति से युथ इंटक के प्रदेश अध्यक्ष आशीष शील ने मानिकपुर क्षेत्र के युवा नेता वासुदेव प्रसाद सोनवानी को अपने संगठन का कोरबा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। सोनवानी को युथ इंटक का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर उनके समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए कहा है कि अब उनके नेतृत्व में संगठन और भी मजबूत होगा। वासुदेव की सक्रियता का लाभ संगठन को मिलेगा।

## आत्मानंद विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद हिन्दी विद्यालय सोहागपुर में शाला वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन विजय कंवर सरपंच के मुख्य आतिथ्य,शालेय शिक्षा समिति अध्यक्ष शीत चौहान के अध्यक्षता, प्राचार्य हेम कुमार कुर्रे के कुशल मार्गदर्शन ,सदस्य -लालसिंह राजपूत ,अरुण सारथी ,बबलू कुर्रे, विजय जांगड़े उपसरपंच नजमा मेमन पंच ,के विशिष्ट आतिथ्य,में किया गया कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता आर .एन. प्रधान, एस. के. पाटले ने किया । इस अवसर पर गणमान्य नागरिक-मस्तराम यादव ,जीवन लाल कश्यप, बसंत चौहान,सत्यनारायण कंवर ग्राम सचिव, शिरोमणी रो.स. आर बड़ा प्राचार्य ढिटोरी पार्कर मेडम प्राचार्य पताढ़ी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे,साथ ही अन्य विशिष्ट अतिथि, गणमान्य नागरिक और विद्यालय परिवार के शर्मा और और राठौर जीसहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

## नोदेन बने बरेठ समाज के जिलाध्यक्ष



**कोरबा।** बरेठ समाज की बैठक पिछले दिनों आयोजित की गई जिसमें नोदेन बरेठ को जिलाध्यक्ष बनाया गया जबकि संतोष कर्ष को सचिव व सहित अन्य कार्यकर्ताओं की घोषणा की गई। इस बैठक में संभाग के पदाधिकारी शामिल होने के लिए आये हुए थे। बरेठ समाज को आगे बढ़ाने के लिए काफी दिनों से चुनाव कराने की बात कही जा रही थी। पोड़ीबहार हुई बैठक में जिले के सभी कार्यकर्ता मौजूद थे। इस कार्यकारिणी को सबका समर्थन प्राप्त है।



## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 14 केंद्रों में हुई टीईटी परीक्षा

**कोरबा।** एक और परीक्षा में शामिल हुए शिक्षक: सरकारी स्कूलों में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के मामले में सरकार ने शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी अनिवार्य की है। कोरबा जिले में आज रविवार को 14 केंद्रों पर यह परीक्षा संपन्न हुई। दो पाली में आयोजित की गई परीक्षा में हजारों की संख्या में शिक्षक शामिल हुए। परीक्षा शुरू होने से काफी समय पहले अभ्यर्थियों को यहां पर जांच प्रक्रिया के लिए गुजरना पड़ा इस दौरान मेला जैसा माहौल दिखाई दिया।

# किसान मेले में पुलिस का सख्त पहरा, कटघोरा में 500 युवकों से उतरवाए गए कड़े



**कटघोरा।** जिले के कटघोरा क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं की आशंका को देखते हुए पुलिस की सतर्कता एक बार फिर सामने आई है। कटघोरा थाना क्षेत्र में आयोजित किसान मेले के दौरान पुलिस ने एहतियातन बड़ी कार्रवाई करते हुए कड़े पहनकर घूम रहे युवकों से कड़े उतरवाकर जब्त किए हैं। यह पूरी कार्रवाई थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक राम पांडेय व उनकी टीम द्वारा की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मेले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया। कार्रवाई के तहत करीब 500 युवकों के हाथों से कड़े उतरवाए गए, जिन्हें थाने में विधिवत जब्त किया गया है। पुलिस का मानना है कि इस तरह के कड़े कई बार मारपीट और आपराधिक घटनाओं में हथियार के रूप में इस्तेमाल किए जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि किसान मेले में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा पूरे मेला परिसर पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए कई दुकानों और प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। गौरतलब है कि कटघोरा थाना के सामने आयोजित यह किसान मेला लगभग एक माह तक चलेगा। यह मेला हर वर्ष आयोजित होता है, जिसमें न केवल जिले बल्कि आसपास के कई जिलों से भी लोग शामिल होने पहुंचते हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हाल के दिनों में अपराधों में बढ़ोतरी को देखते हुए इस तरह की रोकथाम संबंधी कार्रवाई की जा रही है, ताकि मेले के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके और आमजन सुरक्षित माहौल में मेले का आनंद ले सकें।






स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com